12 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 54



उपेक्षा बर्दाश्त नहीं, असम जायेगा सरकारी प्रतिनिधिमंडल : हेमंत













## विपक्ष के पास न सवाल है, न संवेदना है, न मुद्दा है और न तर्क

# युवा झारखंड को कोई झुका नहीं सकता: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने सदन को किया संबोधित, केंद्र सरकार और झारखंड भाजपा पर बरसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र पर जमकर हमला बोला। कोविड वैक्सीन, इंडिगो संकट, दिल्ली ब्लास्ट, घुसपैठ और देश की लचर अर्थव्यवस्था का हवाला देकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दो टूक कहा कि झारखंड 25 साल का हो गया है, इसको कोई डरा और डिगा नहीं सकता। गैर केंद्र शासित राज्यों के साथ कैसा व्यवहार हो रहा है, यह नयी बात नहीं है।

**सरकार तेजी से चलने का प्रयास कर रही:** हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष को कोई भी सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। द्वितीय अनुपूरक बजट की जरुरत क्यों है, इसको सभी जानते हैं, फिर भी विपक्ष के लोग कटौती प्रस्ताव लाते हैं। अभी तो सरकार का एक साल पूरा हुआ है। इस दौरान विकास की राह पर तेजी से चलने का प्रयास हो रहा है।

**छात्रों के साथ केंद्र कर रहा है नाइंसाफी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आने वाली पीढ़ी के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। केंद्र सरकार ने अनुसूचित जनजाति बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप और छात्रवृत्ति योजना के आवंटन में केंद्र ने 90 प्रतिशत राशि कम कर दी है। राष्ट्रीय विदेश छात्रवृत्ति योजना में 95 प्रतिशत की कमी कर दी गयी। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रवृत्ति आवंटन में भी 40 से 63 प्रतिशत कटौती कर दी गयी। मेधा और आय आधारित छात्रवृत्ति में भी 75 प्रतिशत की कमी हो गयी है। तकनीकी शिक्षा संस्थानों के अनुदान में 61 प्रतिशत की कटौती कर दी। फिर ये कैसे मांग करते हैं कि राज्य में छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है।

**छात्र हित में काम कर रही है हमारी सरकार:** हेनंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गुरुजी क्रेडिट कार्ड के जरिये 15 लाख का ऋण दे रही है। सावित्री बाई फूले योजना सरकार चला रही है। सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर खड़ा किया जा रहा है। सरकार अपने प्रयास से प्रतियोगी परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था करा रही है। बेहतर प्रदर्शन के लिए शिक्षकों की भी ट्रेनिंग करायी जा रही है।

### विधानसभा शीतकालीन सत्र का आखिरी दिन




### पता नहीं किस नक्षत्र में केंद्र में बनी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से आजतक के कार्यकाल में कभी मंदिर तो कभी मस्जिद, कभी रेल तो कभी हवाई जहाज दुर्घटना। लाखों लोग मर रहे हैं। ना जाने किस नक्षत्र में राजपाट संभाला है। हाल में पता चला कि कोविड वैक्सीन की वजह से बीमारियां तेजी से फैली हैं। ये अनुसंधान का विषय है। ये वैक्सीन सही था या नहीं। कोई अपंग पैदा हो रहा है। कोई हार्ट अटैक से मर रहा है। किसी को कैंसर हो रहा है। इससे साफ है कि हड़बड़ी में जिस तरह से देश की दिशा बदलना चाह रहे है वो अच्छा नहीं है। रिसर्च के नाम पर सन्नाटा है।

### राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कसा तंज

मुख्यमंत्री ने इंडिगो संकट का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष ने जनता से वादा किया था कि हवाई चप्पल वालों को भी हवाई यात्रा करवायेंग। ऐसा कोई लाभ जनता को अब तक नहीं मिला। उल्टा, इंडिगो की हालिया समस्या के कारण हुए 40-50 हजार रुपये तक के महंगे टिकटों से लोग हवाई चप्पल पहनने पर मजबूर हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने प्लेन दुर्घटनाओं और फाइटर जेट हादसों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि किसी विमान या लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर सरकार निमार्ता कंपनी को दोषी ठहराने की बजाय अक्सर पायलट पर ही आरोप मढ़ देती है। यह रवैया कितना जायज है, सरकार को इस पर जवाब देना चाहिये। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'मीठा-मीठा गप-गप, कड़वा-कड़वा थू-थू।' यानी अच्छा होने पर सरकार श्रेय लेती है और दुर्घटनाओं में जिम्मेदारी लेने से बचती है।

### हर बड़ी घटना को किया जाता है डायवर्ट


मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि देश के विकास में झारखंड ने सबसे ज्यादा सहयोग किया है। रेलवे को यहां से सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है। बदले में प्रदूषण और पलायन मिलता है। लोकसभा में बहस वंदे मातरम पर हो रही है। इस बहस से कितने लोगों की गरीबी खत्म होगी। कितना रोजना सृजन होगा। ये लोग वो हैं जो गरीब लोगों के मुंह से निवाला छीन लें। इंडिगो जैसी घटना में लाखों लोग प्रभावित हुए लेकिन सदन में वंदे भारत की चर्चा होती है। हर बड़ी घटना को डायवर्ट कर दिया जाता है। आज एसआइआर को लेकर अलग-अलग राज्यों में जहर उगला जा रहा है। घुसपैठिये की बात की जा रही है। बॉर्डर तो भारत सरकार के जिम्मे है। अगर कोई पहचाना भी जाता है, तो क्या होता है। चांदनी चौक पर बम ब्लास्ट हो गया। केमिकल को कई माह से स्टोर किया जा रहा है। सूचना तंत्र फेल साबित हुआ।

# हाइकोर्ट का आदेश : रिम्स पूरी तरह हो अतिक्रमण मुक्त

- अतिक्रमण हटाने के विरोध में दायर सभी हस्तक्षेप याचिका खारिज
- मरीजों की सुविधाओं पर भी जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि रिम्स परिसर में चल रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान बिना रुकावट जारी रहेगा। कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के विरोध में दायर सभी हस्तक्षेप याचिकाओं को खारिज करते हुए जिला प्रशासन को कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान रांची डीसी, एसएसपी और बड़गाई सीओ कोर्ट में मौजूद थे। खंडपीठ ने अधिकारियों से रिम्स परिसर में अतिक्रमण की स्थिति और अब तक की कार्रवाई पर विस्तृत सवाल किये। प्रशासन की ओर से बताया गया कि पिछले आदेश के बाद से चरणबद्ध तरीके से परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है।




### कई लोगों ने हस्तक्षेप याचिक दायर की थी

बताते चलें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने परिसर के सभी अतिक्रमणकारियों को 72 घंटे के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। उसी के आलोक में अब प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसे लेकर कई लोगों ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर अभियान रोकने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने सभी को खारिज कर दिया। हालांकि, कैलाश कोठी से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख तय की गयी है। डीआइजी ग्राउंड के पास स्थित इस भवन को हटाने पर पिछले दिनों कोर्ट ने अस्थायी रोक लगायी थी।

### उपचार के खस्ताहाल पर स्वत: संज्ञान

रिम्स में उपचार की खस्ताहाल व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की कमी पर स्वत: संज्ञान लेते हुए हाइकोर्ट पहले ही जनहित याचिका दर्ज कर चुका है। कोर्च ने व्यवस्था पर चिंता जतायी है। प्रार्थी ज्योति शर्मा ने भी रिम्स की खराब व्यवस्था को लेकर अलग से जनहित याचिका दायर की है, जिस पर कोर्ट गंभीर रूप से विचार कर रहा है।

## हजारीबाग में एनआइए की दबिश

# डॉ. शाहनवाज के घर पर छापा

- आतंकी नेटवर्क के लिंक और टेरर फंडिंग को खंगाला जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एनआइए की टीम ने एक बार फिर दबिश दी। टीम गुरुवार सुबह हजारीबाग के पेलावल थाना अंतर्गत एक घर में पहुंची है। जहां टीम घर के सदस्यों के साथ कई घंटों तक पूछताछ की। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त बल भी तैनात किये गये थे। बताया जाता है कि एनआइए की टीम के साथ एटीएस की टीम भी शामिल थी। जानकारी के अनुसार संदिग्ध शाहनवाज आलम से जुड़े मामले में जांच करने हजारीबाग पहुंची थी। उसकी गिरफ्तारी 2023 में हुई थी। एनआइए इनपुट्स आधार पर यह छापेमारी की जा रही है।

**दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने किया था गिरफ्तार:** शहनवाज आलम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अक्टूबर 2023 में दिल्ली से गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी पुणे आइएसआइएस मॉड्यूल मामले में हुई थी। वह मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले का रहने वाला है। इससे पहले, वह 2019 में हजारीबाग में डकैती और चोरी के कई मामलों में भी गिरफ्तार हुआ था और लगभग 8-9 महीने जेल में रहा था। दिसंबर 2020 में उसे जमानत मिल गयी थी, जिसके बाद वह कथित तौर पर आइएस हैंडलर के संपर्क में आया।

### तीन लाख का इनाम था घोषित

पुणे पुलिस की हिरासत से भागने के बाद एनआइए ने उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। शहनवान सफीउज्जमा आइएसआइएस का कुख्यात आतंकी था और पुणे के जंगल में प्रशिक्षण भी लिया था। छापामारी बेहद ही गोपनीय ढंग से चली। कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। घर के अंदर टीम एक प्रिंटिंग मशीन को भी लेकर गयी। ऐसे में यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कुछ दस्तावेज या फोटो प्रिंट किया जा रहा है। घर के अंदर रह रहे वृद्ध व्यक्ति से भी पूछताछ की गयी।

# कारोबारी विनय सिंह की पत्नी की तलाश में एसीबी का दिल्ली में छापा

- नहीं मिली विनय सिंह की पत्नी, बेटा से हुई पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** भूमि घोटाले के आरोपी ऑटोमोबाइल कंपनी नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह की पत्नी की तलाश में झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम दिल्ली में छापेमारी की। यह छापेमारी भारत सरकार के एक संयुक्त सचिव स्तर के वसंत विहार स्थित आवास में की गयी। छापेमारी सुबह के 4.00 बजे की गयी। हालांकि उनकी पत्नी एसीबी के हाथ नहीं लगी। वह छापेमारी से कुछ देर पहले ही निकल गयी। एसीबी के अधिकारियों ने विनय सिंह के पुत्र से पूछताछ की।

**विनय सिंह के बेटे ने दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां:** जानकारी के मुताबिक एसीबी की तकनीकी सेल कई दिनों से पत्नी की डिजिटल निगरानी और लोकेशन ट्रैक कर रही थी। इसी दौरान तकनीकि सेल को विनय सिंह की पत्नी का लोकेशन दिल्ली के वसंत विहार स्थित भारत सरकार के एक अधिकारी के आवास में मिला। जिसके बाद एक टीम का गठन कर दिल्ली भेजा गया। एसीबी ने विनय सिंह के बेटे से पूछताछ की। एसीबी के मुताबिक पूछताछ में उन्होंने विनय चौबे, विनय सिंह और अपनी मां की चल-अचल संपत्ति की जानकारी दी है।

**एसीबी को नयी संपत्ति की मिली जानकारी:** एसीबी की टीम ने जिस घर में छापेमारी की है, वहां से कई डिजिटल उपकरण जब्त किये गये हैं, जिनकी जांच की जा रही है। तालाशी के दौरान एसीबी की टीम को वसंत विहार में खरीदी गयी संपत्तियों के बारे में पता चला है। दिल्ली के वसंत विहार में सी-24 संपत्ति खरीदी गयी है, जिसका इस्तेमाल बेनामी संपत्ति और गैरकानूनी गतिविधियों को छिपाने के लिए किये जाने की आशंका है। एसीबी अधिकारियों को उम्मीद है कि इस छापेमारी में मिले डिजिटल डिवाइसों से भूमि घोटाले से लेकर मनी लांड्रिंग तक की विस्तृत जानकारी मिल सकती है।

### विनय सिंह के बेटे को एसीबी का समन

नयी दिल्ली/रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली में गुरुवार की सुबह की कार्रवाई के बाद एसीबी की जांच में विनय सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में अब उनके पुत्र को भी जांच के दायरे में लाया गया है। वसंत विहार स्थित निवास से मिले डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुत्र को 15 दिसंबर 2025 को एसीबी कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया गया है। जांच के दौरान किये गये डिजिटल फॉरेंसिक विश्लेषण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पत्नी और पुत्र कई वरिष्ठ नौकरशाहों (अफसरों) और प्रमुख राजनीतिक परिवारों के सदस्यों के साथ नियमित और लगातार संपर्क में थे।




# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: थाइलैंड में पकड़े गये लूथरा बंधु

- दोनों का पासपोर्ट किया गया रद्द, ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी हुआ था

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोवा।** गोवा में एक नाइट क्लब में हुए अग्निकांड मामले के आरोपी सौरभ और गौरव लूथरा को थाइलैंड में हिरासत में लिया गया है। दोनों भाई गोवा के उस नाइट क्लब के संचालक थे, जहां आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गयी थी। आग लगने के तुरंत बाद दोनों थाइलैंड भाग गये थे। वे उस समय भागे थे, जब दमकलकर्मी आग बुझाने में लगे हुए थे। थाइलैंड भागने के बाद भारत सरकार ने दोनों का पासपोर्ट सस्पेंड कर दिया था और उसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया है।

**केंद्र ने पासपोर्ट अधिनियम का इस्तेमाल किया:** लूथरा ब्रदर्स को न्याय के कटघरे में लाने की योजना पर उठ रहे सवालों के बीच, केंद्र सरकार ने पासपोर्ट का रास्ता अपनाकर लूथरा बंधुओं को फंसाया। केंद्र ने पासपोर्ट अधिनियम की धारा 10इ का इस्तेमाल किया। दोनों भाइयों के पासपोर्ट निलंबित कर दिये। धारा 10इ अधिकारियों को किसी व्यक्ति को यात्रा करने से रोकने का अधिकार देती है। उसी समय, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने दोनों बंधुओं के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया, जिससे वे और भी घिर गये और हिरासत में लिये गये।



**थाइलैंड में रहना अवैध हुआ:** सरकारी सूत्रों के अनुसार, पासपोर्ट निलंबित होने के बाद लूथरा बंधुओं का थाइलैंड में रहना अवैध हो गया था। भारतीय अधिकारियों ने थाइलैंड के अपने समकक्षों से बात की, जिसके बाद थाइ समकक्षों ने दोनों को हिरासत में ले लिया। भारतीय अधिकारी अब उन्हें मुकदमे के लिए वापस लाने के लिए थाइलैंड जा रहे हैं।

### झारखंड के तीन युवक समेत 25 की हुई थी मौत

शनिवार देर रात गोवा के नाइटक्लब में लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। उस शाम क्लब में संगीत कार्यक्रम चल रहा था और लगभग 100 लोग, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इनमें झारखंड के तीन युवक भी थे, जिनकी मौत हो गयी।

### गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज

दिल्ली के रेस्तरां मालिक, जिनके रोमियो लेन चेन के 22 शहरों और चार देशों में आउटलेट हैं, उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव में स्थित अपने नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में लगी भीषण आग के कुछ घंटों बाद रविवार तड़के थाइलैंड के फुकेट भाग गये। दोनों भाइयों पर गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## दो जेल अधीक्षकों का तबादला

# होटवार जेल अधीक्षक बने कुमार चंद्रशेखर




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरकार ने दो जेल अधीक्षकों का तबादला कर दिया है। गृह-कारा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने सेंट्रल जेल दुमका के अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल का अधीक्षक बनाया है।

बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक का पद लंबे समय से खाली था। इस जेल को प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देकर चलाया जा रहा था। सरकार ने पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे जीतेंद्र कुमार को दुमका सेंट्रल जेल का अधीक्षक बनाया है। जीतेंद्र कुमार हजारीबाग सेंट्रल जेल के अधीक्षक के पद पर पदस्थापित थे। लेकिन हजारीबाग सेंट्रल जेल में नेक्सजेन के मालिक विनय कुमार सिंह को फोन की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले की छानबीन के दौरान वह बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित थे। जेल के अधिकारियों द्वारा कोशिश करने के बावजूद उनसे संपर्क नहीं होने की वजह से उन्हें हजारीबग सेंट्रल जेल के अधीक्षक के पद से हटाते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को जेल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

## कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली लोकतंत्र बचाने का ऐतिहासिक अभियान : बंधु तिर्की



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली देश में लोकतंत्र को बचाने का महत्वपूर्ण और निर्णायक प्रयास है। उन्होंने दावा किया कि यह रैली न सिर्फ व्यापक जनसमर्थन जुटायेगी, बल्कि चुनाव आयोग की भूमिका पर उठ रहे सवालों को लेकर पूरे देश में एक बड़ा संदेश भी देगी। अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 300 टाना भगतों के दल को रवाना करने से पहले मीडिया से बात करते हुए तिर्की ने कहा कि रैली से लोगों को यह समझने में मदद मिलेगी कि चुनाव प्रक्रिया किस तरह प्रभावित की जा रही है और किस प्रकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर वोट चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पर लगाये गये गंभीर आरोपों के बाद भी आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच के प्रति कोई तत्परता दिखायी नहीं दे रही, जबकि सरकार आयोग के पक्ष में खड़ी होकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। रैली में शामिल होने के लिए टाना भगत अपने पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के साथ रांची से दिल्ली रवाना हुए। तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर बंधु तिर्की ने विदा किया। इसके अलावा तिर्की, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का एक बड़ा समूह भी ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हो गया।

# 11-13वीं जेपीएससी में सफल आठ अभ्यर्थियों को नियुक्त कर ट्रेनिंग में भेजे सरकार : हाइकोर्ट




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को 11 से 13वीं जेपीएससी परीक्षा में पास होने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर किये गये 10 सफल अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को याचिका दायर करने वाले आठ अभ्यर्थियों को तुरंत नियुक्त कर उनकी जॉइनिंग कराते हुए ट्रेनिंग भेजने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में हुई। इस संबंध में सफल अभ्यर्थी जितेंद्र रजक, सूरज कुमार यादव, नीरज कुमार, आशुतोष कुमार, सुदिति सुमन, रूपाली रोशन, सूरज कुमार और रूपेंद्र प्रसाद ने याचिका दायर की थी।

प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आयोग ने 10 अभ्यर्थियों को यह कहते हुए बाहर कर दिया था कि हाइकोर्ट के एक अन्य मामले में नौ सीटें आरक्षित रखी गयी हैं।

जबकि जिन 8 अभ्यर्थियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वे मेरिट लिस्ट में काफी ऊपर हैं और अपने-अपने वर्ग में उच्च अंक प्राप्त कर चयनित हुए थे। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यदि सीट आरक्षित रखनी थी तो कम अंक वाले अभ्यर्थियों को रोका जाना चाहिए था, न कि ज्यादा अंक लाने वाले प्रार्थियों को।

# आदित्य साहू ने राज्यसभा में उठाया तांबा चौक लाठीचार्ज का मुद्दा

## शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई को बताया लोकतंत्र का अपमान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के चाइबासा स्थित तांबो चौक बाइपास क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आदिवासी-हो समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर 27 अक्टूबर 2025 को हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज का मामला अब संसद तक पहुंच गया है। भाजपा सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया।

**शांतिपूर्ण आंदोलन पर कड़ी कार्रवाई, 17 लोग न्यायिक हिरासत में :** नो-एंट्री लागू करने की मांग को लेकर किये गये शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान पुलिस ने बलपूर्वक कार्रवाई की। इस दौरान 74 लोगों को नामजद और करीब 500 लोगों पर अज्ञात रूप से मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही 17 निर्दोष ग्रामीणों, 10 पुरुष और 7 महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पूरे जिले में रोष व्याप्त है। घटना के बाद स्थानीय विधायक एवं परिवहन मंत्री की चुप्पी और जनता की समस्या से दूरी पर ग्रामीणों व संगठनों ने गंभीर आपत्ति जतायी है। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा जब हो समाज के प्रतिनिधियों के साथ न्याय की मांग लेकर उपायुक्त से मिलने पहुंचे, तो उपायुक्त के कथित अभद्र व्यवहार ने आदिवासी समाज की भावनाओं को और अधिक आहत किया।

### भाजपा का एलान, आदिवासी-मूलवासी अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी

भाजपा पश्चिम सिंहभूम की ओर से स्पष्ट किया गया है कि पार्टी जनता की हर जायज मांग के साथ खड़ी है और आदिवासी-मूलवासी समुदाय के सम्मान व अधिकारों की रक्षा के लिए संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष करती रहेगी।

### सांसद आदित्य साहू ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की

राज्यसभा में मुद्दा उठाते हुए सांसद आदित्य साहू ने कहा कि तांबो चौक से जुड़े सड़क सुरक्षा के मुद्दे वर्षों पुराने हैं और प्रशासनिक लापरवाही के कारण हालात बिगड़ते चले गये हैं। उन्होंने कहा, शांतिपूर्वक अपने अधिकारों की मांग करने वाले नागरिकों पर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र का सीधा अपमान है। सांसद ने पूरे घटनाक्रम की स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

## बड़कागांव और केरेडारी के विस्थापित किसानों की आवाज उठायी

# सरकार किसानों की आवाज सुनेः मनीष जायसवाल

**उपजाऊ कृषि योग्य भूमि पर कोल ब्लॉक आवंटन का किया पुरजोर विरोध**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** संसद के शीतकालीन सत्र के ग्यारहवें दिन गुरुवार को बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र के किसानों की आवाज को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सदन में जोरदार ढंग से उठायी। अत्यंत भावुक और गंभीर शब्दों में सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार का ध्यान बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र के उपजाऊ 'तीन-फसली' कृषि भूमि पर किये जा रहे बड़े पैमाने के कोल ब्लॉक आवंटन और अधिग्रहण की ओर आकर्षित किया।

सांसद मनीष जायसवाल ने विशेष रूप से बड़कागांव (गोंदलपुरा, बादम, हरली, महूगाई, चंदौल, अंबाजीत, रतवे) और केरेडारी ब्लॉक की उन जमीनों का उल्लेख किया, जिन्हें कोल माइनिंग के लिए आवंटित की गयी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सामान्य भूमि नहीं है, बल्कि तीन-फसली उपजाऊ जमीन है, जो न केवल स्थानीय किसानों का भरण-पोषण करती है, बल्कि पूरे हजारीबाग ज़िले में सब्ज़ियों की आपूर्ति का मुख्य केंद्र है। यह इलाका अपने उच्च गुणवत्ता वाले गुड़ के लिए भी राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन को बताया कि किसान के लिए यह जमीन महज संपत्ति नहीं, बल्कि उसकी पहचान होती है और पहचान छीनना किसी भी नागरिक के लिए सबसे बड़ी त्रासदी है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय किसान पिछले तीन वर्षों से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं लेकिन उन्हें निराशा और आक्रोश के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला है। विकास परियोजनाओं के नाम पर किसानों को जो मिल रहा है, वह केवल वेदना, पीड़ा, क्षति, व्यथा, दुःख, रोष, संतोष, निराशा और आक्रोश है।

सरकार से सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यहां के तीन-फसली और अत्यंत उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण कोल माइनिंग जैसी गैर-कृषि गतिविधियों के लिए तत्काल प्रभाव से रोका जाये, इस क्षेत्र में कार्यरत एनटीपीसी द्वारा किये जा रहे अधिग्रहण में मुआवजे के दामों में तत्काल वृद्धि की जाये, क्योंकि यह दरें पिछले पांच वर्षों से नहीं बढ़ायी गयी हैं। अधिग्रहण में चल रहे 'कट-ऑफ डेट' की मनमानी प्रणाली को जिसे उन्होंने 'काला कानून' बताया समाप्त किया जाये, ताकि किसानों को उनके हक से वंचित न किया जा सके।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए ऊर्जा आवश्यक है, लेकिन इसकी कीमत अन्नदाताओं की आजीविका, पहचान और क्षेत्र के पर्यावरण को दांव पर लगाकर नहीं चुकाई जा सकती। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि सरकार किसानों की आवाज सुने और कृषि विरासत की रक्षा के लिए नीतिगत पुनर्विचार करे।

# रेल मंत्री से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को नयी दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की इस मुलाकात के क्रम में सेठ ने रांची को दी जा रही रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया और रांची में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आग्रह पत्र भी सौंपा। अपने पत्र में सेठ ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण रांची से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। कई शहरों से सीधे कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण उन्हें बड़ी समस्या होती है। इसके समाधान के लिए विभिन्न ट्रेनों के परिचालन और फेरे बढ़ाने जैसे विषयों की तरफ सकारात्मक पहल आवश्यक है।

उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि रांची से आनंद विहार को जाने वाली हटिया आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन नं.-12825/12826) का विस्तार जयपुर तक किया जाये। इससे झारखंड और राजस्थान की कनेक्टिविटी सुगम हो जायेगी। रांची से अहमदाबाद के लिए नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाये। इससे देश के कई राज्यों की कनेक्टिविटी हो सकेगी। इस ट्रेन के परिचालन से आम जनता का आवागमन भी सुगम हो सकेगा। रांची से लोहरदगा के लिए एक पैसेंजर ट्रेन चलती है। इस पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाये जाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग सुगम यात्रा कर सकें। इसकी मांग भी क्षेत्र की जनता लंबे समय से कर रही है। रांची, सिल्ली, मुरी के लिए भी एक नयी मेमू ट्रेन के परिचालन की आवश्यकता है। प्रतिदिन इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान, विद्यार्थी, नौकरी-पेशा से और व्यवसाय से जुड़े रांची आवागमन करते हैं। ऐसे में नयी मेमू ट्रेन का परिचालन यात्रा को और भी सुगम बनायेगा। हटिया-सांकी पैसेंजर/एक्सप्रेस (ट्रेन नं०-58663/58664/58665/58666) का विस्तार बरकाकाना-हजारीबाग टाउन तक किया जाये। ऐसा किये जाने से आम जनता की यात्रा कम खर्चीली और सुगम हो सकेगी। बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी। रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री से रांची बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन वाया बक्सर होते हुए चलाने का आग्रह किया। उसके अतिरिक्त धरती आबा एक्सप्रेस, हटिया पुने एक्सप्रेस, हटिया एलटीटी एक्सप्रेस, हटिया बेंगलुरु एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के फेरे बढ़ाये जाने का भी आग्रह सेठ ने रेल मंत्री से किया है। सेठ ने मंत्री से कहा कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए उपरोक्त मांगों पर आवश्यक कार्यवाही कर, दिशा निर्देश जारी किया जाये।

## गुमला में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा तोड़े जाने के खिलाफ रांची में प्रदर्शन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर परमवीर अल्बर्ट एक्का फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि गुमला स्थित जारी गांव में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया था, जबकि इसे अनुशासनपूर्वक जमीन पर रखा जाना था। लेकिन गुमला प्रशासन ने प्रतिमा को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग किया और प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गयी।


### राज्यपाल और सीएम से कार्रवाई की करेंगे मांग

पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर तिर्की ने कहा कि बुलडोजर लगाकर प्रतिमा तोड़ने वाले प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जायेगी। राज्यपाल और सीएम से भी इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया है।

पूर्व टीएसी सदस्य और परमवीर अल्बर्ट एक्का फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी रतन तिर्की ने कहा कहा कि गुमला जिला प्रशासन ने खेद तो प्रकट किया है लेकिन मूर्ति बुलडोजर से तोड़ा जाना परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के घोर अपमान का परिचायक है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला प्रशासन मूर्तिकार को दोषी ठहरा रहा है। जबकि प्रशासनिक आदेश तो उपायुक्त कार्यालय द्वारा जारी किया गया है। फिर भी परमवीर अल्बर्ट एक्का फाउंडेशन ठेकेदार और मूर्तिकार के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायेगा साथ ही रक्षा मंत्री और झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर गुमला जिला प्रशासन की शिकायत दर्ज करायेगा। इस अवसर पर प्रभाकर तिर्की, जोय बाखला, विल्फ्रेड बाखला, नेकी लकड़ा, हसनैन अंसारी, पप्पू खान और नवीन लकड़ा उपस्थित थे।

# पहले डॉक्टर से मांगी दवा, फिर बनाया बंधक

## हथियार के बल लूट लिया जेवरात-कैश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक चिकित्सक को कब्जे में लेकर घर के अंदर लूटपाट की गयी और चिकित्सक को घायल कर दिया गया। यह घटना जमुआ थाना इलाके के द्वारपहरी की है। घटना उस वक्त घटी जब चिकित्सक हरिंदर मॉर्निंग वॉक कर अपने घर लौटे थे।
घटना को लेकर बताया गया कि डॉ हरिंदर की मेडिकल दुकान और मकान द्वारपहरी में है। डॉ हरिंदर हर रोज सुबह में टहलने निकलते हैं। गुरुवार की सुबह भी वे वॉक करने घर से निकले और टहलने के बाद जैसे ही घर लौटे तो वहां पहले से एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक पहुंचे हुए थे।

डॉक्टर के पहुंचते ही एक युवक (अपराधी) ने उनसे दवा की मांग की। दवा मांगते-मांगते उक्त युवक डॉ हरिंदर के साथ दुकान सह मकान के अंदर आ गया। फिर बाहर खड़े दोनों अपराधी अंदर आ गये। तीनों ने डॉक्टर को बंधक बनाया फिर धारदार हथियार से वार कर उन्हें घायल करते हुए नकद राशि के साथ जेवरात की लूट कर ली। इस संबंध में खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि डॉ हरिंदर सुबह जब मॉर्निंग वॉक से लौटे तो पहले से उनके घर सह दुकान के पास मौजूद तीन अपराधी दवा लेने के बहाने घर के अंदर चले गये और फिर चिकित्सक को बंधक बनाकर कैश, जेवरात लूट लिया। अपराधियों ने चिकित्सक को घायल भी किया है। पूरे मामले की जांच इंस्पेक्टर प्रदीप दास कर रहे हैं, जल्द ही सभी अपराधी पकड़े जायेंगे।

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद जमुआ के प्रभारी थानेदार सह इंस्पेक्टर प्रदीप दास पहुंचे और छानबीन शुरू की। अपराधियों का हुलिया लिया गया फिर आसपास के सीसीटीवी के फुटेज को चेक किया गया। वहीं एसपी डॉ बिमल के निर्देश पर टेक्निकल टीम भी मौके पर पहुंची और अपने स्तर से छानबीन में जुट गयी है।

इधर घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में दवा दुकान संचालक के घर पहुंचे। जमुआ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जमुआ इंस्पेक्टर-सह-थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास ने बताया कि दवा दुकान संचालक के घर में वारदात में तीन अपराधियों के शामिल होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि लगभग 3 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.3 °c | 8.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |



## असम में बसे झारखंडी आदिवासी परिवारों ने मुख्यमंत्री को बतायी पीड़ा

# उपेक्षा बर्दाश्त नहीं, असम जायेगा सरकारी प्रतिनिधिमंडल : हेमंत

**असम सरकार की उदासीनता के कारण आदिवासी परिवार उपेक्षा और पिछड़ेपन का सामना कर रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा परिसर में असम के चाय बागान क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी परिवारों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुलाकात की। आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को चाय बागान क्षेत्र में बसे झारखंड मूल के आदिवासी समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि असम सरकार की उदासीनता के कारण आदिवासी परिवार उपेक्षा और पिछड़ेपन का सामना कर रहे हैं। कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में झारखंड से मजदूरों को असम ले जाकर बसाया गया था। लेकिन आज भी इन परिवारों को दोयम दर्जे का व्यवहार झेलना पड़ रहा है। चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासी श्रमिकों के वेतन, भूमि



विवाद और सामाजिक पहचान से जुड़े मुद्दे जस के तस हैं। वहीं इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार आदिवासी समुदाय की पहचान और अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभायेगी। कहा कि राज्य सरकार जल्द ही एक डेलिगेशन को असम भेजेगी, जो वहां रह रहे आदिवासी समाज की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष अध्ययन करेगा। मुख्यमंत्री ने चाय बागान श्रमिकों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उनके दैनिक वेतन में वृद्धि और भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार सकारात्मक पहल करेगी। सीएम ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और अधिकारों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और झारखंड उन समुदायों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, जिन्हें ऐतिहासिक कारणों से आज भी संघर्ष करना पड़ रहा है। मुलाकात के दौरान मंत्री चमरा लिंडा सहित आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) के जीतेन केरकेट्टा, बिरसा मुंडा, तरुण मुंडा, गणेश, अजीत पूर्ति, राजेश भूरी, बाबूलाल मुंडा और मंगल हेंब्रम उपस्थित रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **कन्या** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झारखंड में लघु खनिजों के प्रबंधन पर कैग की विस्तृत रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताएं पायी गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लघु खनिजों के प्रबंधन पर भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (कैग) की विस्तृत रिपोर्ट गुरुवार को सार्वजनिक कर दी गयी। गुरुवार को रांची के डोरंडा स्थित महालेखाकार कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में झारखंड की प्रधान लेखाकार इंदु अग्रवाल ने रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्षों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 2017 से 2022 के बीच राज्य में लघु खनिजों के प्रबंधन, पट्टों के आवंटन, नवीकरण और निगरानी में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आयी हैं। कई मामलों में उपायुक्तों द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक क्षेत्र में पट्टों की स्वीकृति, वन भूमि पर अनियमित खनन पट्टों का आवंटन, पुराने पट्टों का वर्षों तक निष्क्रिय रहना और इ-नीलामी प्रक्रिया में भारी देरी जैसी खामियां उजागर हुई हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि



## बालू घाट संचालन में बड़ी चूक: 608 में से सिर्फ 21 घाट परिचालित, 70.92 करोड़ का नुकसान

झारखंड राज्य में बालू घाटों के संचालन को लेकर कैग की रिपोर्ट ने बड़ा खुलासा किया है। झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी ) को सौंपे गये 608 बालू घाटों में से केवल 21 का ही संचालन किया जा सका। माइनिंग प्लान और पर्यावरणीय स्वीकृतियों में देरी के कारण 9,782 एकड़ क्षेत्र के 368 घाट वर्षों तक बंद पड़े रहे। इस निष्क्रियता के कारण सरकार को 70.92 करोड़ के संभावित राजस्व से हाथ धोना पड़ा। इसके अलावा 2019-22 के दौरान बालू से संबंधित स्वामित्व राशि में 82 लाख से 7.61 करोड़ तक की विसंगतियां भी पायी गयीं।

खनिज ब्लॉकों की नीलामी अत्यंत धीमी रही, जिससे राज्य को बड़े पैमाने पर राजस्व नुकसान हुआ। लघु खनिजों से होने वाली आय 2017-18 के मुकाबले 2021-22 में काफी घट गयी। वहीं, जिम्स पोर्टल के स्वचालन में कमियों, भू-निदेशकों के अभाव, गलत डेटा प्रविष्टियों और निगरानी प्रणाली की कमजोरी ने अवैध खनन पर नियंत्रण को और कठिन बना दिया।

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, कई पट्टों में गैर-खनन योग्य क्षेत्रों में अवैध उत्खनन किया गया, सुरक्षा अवरोधों और बेंचिंग का पालन नहीं हुआ, सीमा स्तंभ गायब थे और पर्यावरणीय शर्तों का पालन भी नगण्य रहा। बालू घाटों के संचालन में जेएसएमडीसी की विफलता के कारण भी बड़े पैमाने पर राजस्व हानि दर्ज की गयी है। इंदु अग्रवाल ने कहा कि यह लेखापरीक्षा रिपोर्ट राज्य में लघु खनिजों के प्रबंधन से जुड़े प्रशासनिक, तकनीकी और पर्यावरणीय चुनौतियों को स्पष्ट रूप से उजागर करती है और बेहतर खनन प्रशासन के लिए आवश्यक सुधारों की ओर संकेत करती है।

# कुशवाहा शशिभूषण मेहता और देवेंद्र कुंवर ने उठाया ओबीसी आरक्षण का मुद्दा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को राज्य में ओबीसी आरक्षण शून्य करने से संबंधित मामले को विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता और विधायक देवेंद्र कुंवर ने गैर संकल्प के तहत सदन में उठाया। इसपर विभाग की ओर से तीन प्रभारी मंत्रियों दीपक बिरूआ, सुदिव्य कुमार और राधाकृष्ण किशोर ने बारी-बारी से जवाब दिया। मामले पर मंत्री राधा कृष्ण ने कहा कि ओबीसी आरक्षण मामले में राज्य सरकार भी चिंतित है। मामले पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। इसके पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर ने मामले को उठाते हुए कहा कि संथाल परगना प्रमंडल में पिछड़ों और अति पिछड़ों की आबादी कुल आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक है। लेकिन आरक्षण शून्य होने से इस बड़ी आबादी का अस्तित्व खतरे में है। वहीं मामले में विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि ओबीसी की आबादी झारखंड की कुल आबादी का 55 प्रतिशत है, लेकिन इस वर्ग को केवल 14



प्रतिशत आरक्षण का ही लाभ दिया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में ओबीसी वर्ग का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। कुशवाहा ने कहा कि राज्य सरकार ने चुनावी घोषणा में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण करने की घोषणा की थी। इसपर प्रभारी मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि 2022 में कोर्ट के निर्णय को देखते हुए आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था। बाद में इसपर कोर्ट का हस्तक्षेप हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्र सरकार के समक्ष ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की मांग को भेजा है। वहां से रिपोर्ट आते ही आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया जायेगा। इसपर कुशवाहा ने कहा कि चुनाव के समय राज्य सरकार की ओर से जिस तरह बड़ी-बड़ी बातें कही गयीं।

## विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन 11 मामले सुलझे

**रांची (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर अध्यक्ष-सह-न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू हो गया है, जो कि 12 दिसम्बर, 2025 तक चलेगा। बताते चलें कि गुरुवार को चौथे दिन कुल 58 मामले विभिन्न न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र, रांची में आये थे, जिसमें, 11 वादों को सफलतापूर्वक मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये।

# केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई नोक-झोंक

## छात्रवृत्ति नहीं मिलने से एसटी और एससी के बच्चों को काफी परेशानी हो रही : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोंक हुई। मामले को उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से अधिकारियों की टीम को दिल्ली जाकर मिलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बार-बार कहा जाता है कि केंद्रीय राशि के लिए विपक्ष सहयोग करे, लेकिन जब उन्होंने इस मामले की पड़ताल की तो पता चला कि केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि को लेकर कुछ गाइडलाइन होते हैं जिसका पालन करना राज्य के लिए जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गाइडलाइन की जगह राज्य सरकार ने खुद की अपनी गाइडलाइन बना ली इस वजह से केंद्र और राज्य के बीच राशि को लेकर सामंजस्य स्थापित नहीं हो पा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि वे भी जब क्षेत्र में जाते हैं तो पंचायतों में मुखिया पैसे की कमी की बात कहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिलने से एसटी और एससी के बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राशि को लेने के लिए केंद्र सरकार की कुछ शर्तें होती हैं, जिसे राज्यों को पूरा करना होता है। कहा कि राशि को लेकर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर या ग्रामीण विकास मंत्री या जरूरत पड़े तो मुख्यमंत्री को दिल्ली जाना चाहिए और इस मामले पर केंद्रीय मंत्रियों से बैठकर मामले को सुलझाना चाहिए। इस मामले में हमसभी सहयोग को तैयार हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वे सरकार की ओर से कई बार सुन चुके हैं कि 15 में वित्त आयोग की राशि केंद्र की ओर से नहीं दी जा रही है।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह मामला अनुपूरक बजट से संबंधित है, यदि नहीं है तो प्रश्नकाल को चलने देना चाहिए।

## नेता प्रतिपक्ष को दी गयी है गलत सूचना : दीपिका पांडेय सिंह

वहीं मामले पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को किसी ने इस संबंध में गलत सूचना दी है। उन्होंने कहा कि वे 15 में वित्त आयोग के पैसे के लिए पिछले एक वर्ष से प्रयास कर रही हैं। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार को कई बार उन्होंने पत्राचार भी किया है। उन्होंने कहा कि 15 में वित्त आयोग के 2700 करोड़ रुपये के लिए केंद्र सरकार की ओर से शर्तें रखी गयी थीं, जिसे हमारी सरकार ने पूरा किया। इसे लेकर विभाग के सचिव और निदेशक के साथ पिछले छह माह से दिल्ली जाकर भी केंद्रीय मंत्रियों से मिलने की कोशिश की, लेकिन मामले में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री मिलने का समय ही नहीं देते हैं। मंत्री ने कहा कि राशि को लेकर केंद्र सरकार की बाद में लगायी गयी चार शर्तों को भी हमारी सरकार ने पूरा किया। बावजूद इसके केंद्र की ओर से राशि नहीं दी जा रही है। विभागीय मंत्री ने कहा कि 24 नवंबर को उन्होंने दूरभाष पर भी बात कर केंद्रीय मंत्री से 15 वें वित्त आयोग के 1385 करोड़ रुपये देने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने इसे लेकर दिल्ली में केंद्रीय संचिव विवेक भारद्वाज से मिलकर राशि देने का आग्रह किया था। इस पर उन्होंने राशि जल्द मुहैया कराने की बात कही, लेकिन फिर भी केंद्र सरकार की ओर से अब तक राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अफसोस की बात है कि केंद्र सरकार की ओर से जानबूझकर राशि नहीं दी जा रही है।



## वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पेश की कैग रिपोर्ट

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने गुरुवार को झारखंड में लघु खनिजों के प्रबंधन और भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वित्त लेखा परीक्षा व विनियोग लेखा से संबंधित लेखा परीक्षा प्रतिवेदन 2024-25 (कैग रिपोर्ट) सदन के पटल पर रखा। इससे पहले सत्र के चौथे दिन सदन में पेश किये गये झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन संशोधन विधेयक 2025 को पास किया गया।

# हेमलाल मुर्मू ने बीजीआर, डीबीएल के कोल ट्रांसपोर्टिंग से प्रदूषण का मामला सदन में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा के विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में बीजीआर और डीबीएल के द्वारा कोल ट्रांसपोर्टिंग से हो रहे प्रदूषण का मामला उठाया। सदन में उठाये गये सवाल में हेमलाल मुर्मू ने कहा कि वेस्ट बंगाल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को अमरापारा में आवंटित कोल ब्लॉक माइनिंग, ब्लास्टिंग और ट्रांसपोटिंग से माइनिंग क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीण वायु प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण के शिकार होने से ग्रामीण टीबी, दमा, सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे हैं। विधायक ने सदन में कोल ट्रांसपोर्टिंग के दौरान



सड़कों पर दो वक्त पानी का नियमित रूप से छिड़काव करने और कॉल ट्रांसपोर्टिंग के दौरान वाहनों को तिरपाल से ढक कर चलाने की मांग सदन में उठाई। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्टिंग के दौरान प्रदूषण के नियमों के मानक का पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे खनन क्षेत्र के लोग कई गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे हैं। विधायक हेमलाल के द्वारा सदन में उठाये गये सवाल पर सरकार की ओर से पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि विधायक हेमलाल मुर्मू के द्वारा उठाये गये सवाल को गंभीर बताते हुए कहा कि मैं आश्वस्त करता हूं कि आने वाले दिन में कोल ट्रांसपोर्टिंग के दौरान नियमों का सत प्रतिशत पालन होगा और सड़कों में दोनों वक्त लगातार पानी का छिड़काव कर तिरपाल ढककर कोयले का परिवहन होगा।

# कोयला खदान से उड़ती धूलकण पर पानी का छिड़काव करेगी सरकार : योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदन में प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि अब सभी कोयला खदान या आसपास की सड़कों पर वाहनों के चलने के कारण निकलती और उड़ती धूलकण को देखते हुए क्षेत्र की सड़कों में सुबह-शाम टैंकर से पानी का छिड़काव होगा। इसके साथ ही कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों को हर हाल में त्रिपाल ढंकने के निर्देश दिया जायेगा। ताकि लोगों को उड़ते धूलकण से श्वांस से संबंधित बीमारियों से जूझना नहीं पड़े। मंत्री विधानसभा



के शीताकलीन सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली में झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू की ओर से लाये गये गैर संकल्प के तहत पूछे गये सवाल का जवाब दे रहे थे। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा प्रखंड में कोयला खादान का धूल पूरे क्षेत्रवासियों को प्रभावित करता है। स्थानीय लोग टीबी (यक्ष्मा), हृदय रोग, अस्थमा सहित अन्य श्वांस से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है। इसलिए सरकार कोयला खादान से होनेवाले प्रदूषण को रोकने की दिशा में समुचित कदम उठाये। इसपर मंत्री ने जबाव देते हुए कहा कि जो बातें सदन में आयी हैं। उसपर राज्य सरकार आवश्यक कदम उठायेगी।

# स्मार्ट सिटी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# राजनीतिक बहस के बीच असंगत शब्दों का प्रयोग संसदीय मर्यादा के अनुकूल नहीं रहा : स्पीकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समापन भाषण में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि इस सत्र के दौरान कई बार तीखी राजनीतिक बहसों के बीच कुछ कठोर या असंगत शब्दों का प्रयोग हुआ, जो हमारी संसदीय मर्यादा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता।

लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, परंतु विचारों की कठोरता, भाषा की कठोरता में परिवर्तित न हो। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**इस सत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही- अनुपूरक बजट का पारित होना :** इस सत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही- राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत द्वितीय अनुपूरक बजट का पारित होना। सदन में विस्तृत चर्चा के बाद इसे सहमति प्रदान की गयी। इस अनुपूरक बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग को पर्याप्त प्राथमिकता देते हुए आवंटन किया गया है। यह निर्णय राज्य सरकार की सामाजिक-न्याय, पोषण, महिला-सशक्तिकरण और बाल अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह स्वागतयोग्य कदम झारखंड के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेगा और हमारी अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**सत्र में हुई चर्चाएं विकास को गति देने में सहायक होंगी :** इस सत्र में हुई चर्चाएं, प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण सूचनाएं, संकल्प और विभिन्न विधायी प्रक्रियाएं झारखंड के विकास, को गति देने में निश्चित रूप से सहायक होंगी।

## शीतकालीन सत्र की प्रमुख बातें

- इस सत्र के दौरान कुल 301 प्रश्न स्वीकार किये गये, जिनमें से 121 अल्पसूचित, 148 तारांकित, और 32 अतारांकित प्रश्न शामिल रहे।
- अल्पसूचित 118 और तारांकित 147 प्रश्नों के उत्तर विभागों से प्राप्त हुए।
- अल्पसूचित 03, तारांकित 01 और अतारांकित 32 प्रश्नों के उत्तर विभागों के पास लंबित हैं।
- इस सत्र में कुल 129 शून्यकाल प्राप्त हुए, जिसमें से 94 सदन में पढ़ी गयी।
- कुल 42 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुई, जिनमें से 20 स्वीकृत हो पाया, 12 का उत्तर सदन में प्राप्त, 01 सूचना अप्रस्तुत, 07 सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द की जायेगी।
- इस सत्र में कुल 39 गैर-सरकारी संकल्प सदन के समक्ष आये।

राज्यवासियों को आगामी क्रिसमस, नव वर्ष 2026 तथा झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक सोहराय पर्व, बंधना-खुंटांव, मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हमारे राज्य की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और ये पर्व हमें सौहार्द, सहयोग, करूणा और आपसी सम्मान की भावना को अधिक मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। पर्व केवल उत्सव नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाले सेतु हैं। मेरी कामना है ये अवसर झारखंड में शांति, भाईचारा समृद्धि और सामाजिक एकता को और सुदृढ़ करे।

# सरकार स्पष्ट तौर पर बताये कि राज्य में रिक्तियों को कबतक पूरा किया जायेगा : जयराम महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को झारखंड लोक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो ने सदन में झारखंड में 2 लाख 87 हजार रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया कबतक पूरा होगी, इससे संबंधित सवाल उठाया। गैर संकल्प के तहत उठाये गये इस मुद्दे पर जयराम ने कहा कि वे हर बार सदन में सवाल उठाते हैं, लेकिन बार-बार विभागीय जबाव में मामला विचाराधीन या प्रक्रियाधीन है बताकर मामले को टाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार स्पष्ट तौर पर बताये कि राज्य में रिक्तियों को कबतक पूरा किया जायेगा। इसपर कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग के प्रभारी मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि सरकार पूरी पारदर्शिता से नियुक्तियां कर रही है। नियुक्ति पत्र भी बांट रही है। अबतक 26 हजार नियुक्तियां सरकार ने की है और आगे भी नियुक्ति का दौरा जारी रहेगा। इसपर जयराम महतो ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र से दूसरे देश में मजदूरी करने गये, 10-12 लोगों की अबतक



मौत हो गयी है। वे वहां कोई आइएएस या आइपीएस की नौकरी करने नहीं गये थे, बल्कि मजदूरी का काम करने गये थे। लेकिन उस समय काफी दुख होता है जब विदेश से एक मजदूर अपने घर में फोन कर वहां हो रही गोलीबारी की खबरें सुनता है और अपनी अंतिम फोटो, मृत्यु होने से कुछ ही समय पहले व्हाट्सअप पर भेजता है। मजदूर पत्नी को कहता है इसे देख लेना। शायद वह आगे जिंदा न रहे। यह बातें सुनकर मृतक के घर में क्या बीत रही होगी। इसे महसूस करने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि मजदूर यह पीड़ा सिर्फ रोजगार के कारण सहता है। इसलिए सरकार एक कमेटी बनाकर नियुक्ति करेगी तभी स्थानीय लोगों को राज्य में रोजगार मिल सकेगा।

## रिक्तियों को पूरा करने के लिए हमारी सरकार गंभीर है : दीपक बिरुआ



**इसपर मंत्री बिरुआ ने कहा कि कोर्ट के मामले में वे टिप्पणी करना नहीं चाहेंगे, लेकिन रिक्तियों को पूरा करने के लिए हमारी सरकार गंभीर है। इसपर जयराम महतो ने फिर से कहा कि सिर्फ कोर्ट का हवाला देकर गोलमटोल जबाव न दें। सबकुछ रोजी-रोजगार के कारण हो रहा है। सरकार सिर्फ कोर्ट का हवाला देकर कबतक कागजी जवाब देते रहेगी। निजी संस्थानों में भी 75 प्रतिशत रोजगार देने की आपकी बातें पूरी नहीं हुईं। ऐसे में ठोस जवाब दें कि कब तक कार्रवाई होगी। मंत्री दीपक ने कहा कि सदस्य ने जो भी सूचनाएं सदन में दी है। उसे सरकार ने ग्रहण किया है। इसपर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी।**

# बाबूलाल मरांडी ने की विधायक और मंत्री के बीच हुई बातचीत की जांच कराने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधायक और मंत्री के बीच हुई बातचीत की जांच कराने की मांग की। बाबूलाल ने ध्यान आकर्षण के दौरान चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पास इसकी सीडी भी उपलब्ध है, जो मैं आपको दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का मामला है और विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराने की मांग की। इस पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि जिस प्रकरण का जिक्र हो रहा है, वह एक पार्टी कार्यालय के भीतर का मामला है और इससे विधानसभा का कोई सरोकार नहीं है। बाबूलाल ने सदन में उठे छात्रवृति मामले, जिसमें केंद्र सरकार पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया था, उसपर कहा कि इस मामले की जांच पर पाया कि झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार की गाइडलाइन का पालन नहीं कर 2022 में अपनी गाइडलाइन बना दी। इस कारण केंद्र से एसटी, एससी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृति नहीं मिल रही है। बाबूलाल ने झारखंड सरकार पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया। साथ ही संसदीय कार्यमंत्री से संबंधित पदाधिकारियों के साथ दिल्ली जाकर इस मामले को सुलझाने की बात कही। उन्होंने इस पर सहयोग करने की भी बात कही। वहीं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्य के 25000 पीडीएस दुकानदारों को लंबे समय से कमीशन का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यह केंद्र सरकार का मामला है। पोर्टल को समझने में विलंब की वजह से राशि का भुगतान नहीं हो पाया। इस दिशा में काम चल रहा है। बहुत जल्द कमीशन दे दिया जायेगा।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में अंतर विभागीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज में अंतर विभागीय बास्केटबॉल (महिला और पुरुष) प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान, कला, वाणिज्य और वोकेशनल पुरुष वर्ग की 22 और महिला वर्ग की आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग में कंप्यूटर साइंस विभाग ने वाणिज्य विभाग को 26-17 से हराया, वहीं महिला वर्ग में वाणिज्य विभाग ने भूगर्भ विभाग को हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब




पुरुष वर्ग से जॉन अभिषेक मुर्मू और महिला वर्ग से बानी छेत्री को मिला और प्लेयर ऑफ मैच का खिताब डेविड सागर तिग्गा और कृति बाला मिंज को मिला। समापन समारोह के मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी छात्र जीवन का अहम हिस्सा है। स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो राम मुर्मू ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। टूर्नामेंट के दौरान कॉलेज के बास्केटबॉल कोर्ट में उत्साह और खेल भावना का अनोखा माहौल देखने को मिला। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे, उप-प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग एसजे, फादर रवि हेमंत कुजूर एसजे, डॉ अजय श्रीवास्तव, डॉ संजय सिन्हा, डॉ शिव कुमार, डॉ मेल्टिना टोप्पो, डॉ सुमित रॉय, डॉ सुशील पांडेय, प्रो सूर्य नारायण सहित अन्य उपस्थित थे।

# हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश की बैठक 21 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हिंदी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए समर्पित संस्था हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश की नवगठित कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 21 दिसंबर को राजधानी रांची में किया जायेगा। यह बैठक होटल सिटी पैलेस, सर्कुलर रोड, लालपुर में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित होगी।




इस महत्वपूर्ण अवसर पर हिंदी साहित्य भारती के राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से बैठक की शोभा बढ़ायेंगे। उनके मार्गदर्शन से संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं एवं साहित्यिक गतिविधियों को नयी दिशा मिलने की संभावना है। बैठक में संगठन की नवगठित कार्यसमिति का परिचय, आगामी साहित्यिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, राज्य में हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार को लेकर रणनीति तथा संगठनात्मक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जायेगी। हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश की महामंत्री डॉ. सुनीता कुमारी एवं अध्यक्ष अजय राय ने संयुक्त रूप से प्रदेश के सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं जिला अध्यक्षों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल एवं सार्थक बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा झारखंड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड इस वर्ष पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत यह प्रतियोगिता 14-15 दिसंबर 2025 को खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के 11 राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, अरुणाचल प्रदेश, असम,



मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम की स्कूल बैंड टीमें भाग लेंगी। यहां से चयनित चार टीमें राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनायेंगी। आयोजन सचिव एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने कहा कि यह अवसर झारखंड के लिए गर्व का विषय है। यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, ताल-लय, समरसता और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने का मंच है। उन्होंने बताया कि आवास, भोजन, सुरक्षा, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी तेजी से चल रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा प्रदर्शित होगी, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और आयोजन क्षमता भी राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगी।

# केंद्रीय सरना समिति ने डिलिस्टिंग के मुद्दे पर जागरूकता अभियान चलाया

## लोक भवन के समक्ष महाधरना आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य शुक्रवार को डीलिस्टिंग की मांग को लेकर राजभवन (लोक भवन) के समक्ष आयोजित महाधरना कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करना था।

केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि धर्मांतरित आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण समाप्त करने की मांग की जायेगी। केंद्रीय सरना समिति की महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि धर्मांतरित आदिवासियों की डिलिस्टिंग होनी चाहिए। इस अभियान में केंद्रीय सरना समिति की केंद्र प्रवक्ता एंजेल लकड़ा, रांची जिला सरना समिति के अध्यक्ष अमर तिर्की, सचिव नंदा उरांव, संरक्षक बीगल उरांव, जयमंगल उरांव, अमित टोप्पो, फ्रांसिस लिंडा और अन्य शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मानवाधिकार संघ, जमशेदपुर द्वारा नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत में मानवाधिकारों के संरक्षण में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सार्थकता एवं भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मृत्युंजय महतो, सेवानिवृत्त जिला और सत्र न्यायाधीश दुमका ने कहा कि मानवाधिकार का हनन नहीं होगा



यदि हम सजगता और इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये और मानवाधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर दीपिका पांडेय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मानवाधिकार संघ के सहसचिव शेखर सहाय ने किया।

# आदित्स साहू कर रहे सरकार को बदनाम करने की विफल कोशिश: लाल किशोर नाथ शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद आदित्य साहू द्वारा राज्यसभा में चाइबासा की घटना को लेकर लगाये गये सभी आरोप पूरी तरह से निराधार, राजनीति से प्रेरित और भ्रामक करार दिया हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह प्रयास राज्य की आदिवासी हितैषी सरकार को बदनाम करने की एक विफल कोशिश है। शाहदेव ने कहा कि चाइबासा में पोखरिया टाटा बायपास रोड पर स्थानीय लोगों की मांगें जायज थीं, लेकिन भाजपा समर्थित कुछ तत्वों ने शांतिपूर्ण विरोध को अराजकता और कानून व्यवस्था भंग करने के प्रयास में बदल दिया। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने और किसी भी बड़े हिंसक टकराव को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाये। लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग अंतिम विकल्प के रूप में, और कानून के दायरे में रहकर किया गया था, ताकि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचे और सड़क जल्द से जल्द बहाल हो सके। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गठबंधन सरकार राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के हितों के प्रति पूरी तरह समर्पित



है। गठबंधन का ट्रैक रिकॉर्ड भाजपा से कहीं बेहतर है। भाजपा द्वारा गठबंधन सरकार के आदिवासी विरोधी कहना हास्यास्पद और उनके राजनीतिक दिवालिएपन का सबूत है। आदित्य साहू और भाजपा अपनी चुनावी हार की निराशा को छिपाने के लिए इस घटना का राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री (मधु कोड़ा) के साथ उपायुक्त द्वारा कथित दुर्व्यवहार का आरोप पूरी तरह से मनगढ़ंत है। प्रशासन संवैधानिक पदों पर रहे व्यक्तियों के सम्मान का पूरा ध्यान रखता है। उपायुक्त ने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। अगर किसी को कोई शिकायत है, तो उन्हें मयार्दा में रहकर प्रशासन से संपर्क करना चाहिए। इस घटना को लेकर झूठा प्रचार करना भाजपा की राजनीति को दर्शाता है।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में सात दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के शिक्षा विभाग में 'भाषाएं अनेक, भाव एक- राष्ट्रीय एकता के लिए बहुभाषावाद' विषय पर सात दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव के अंतिम दिन 11 दिसंबर को मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-प्राचार्य फादर डॉ अजय अरुण मिंज, एसजे एवं हिंदी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार भाटिया शामिल हुए। मुख्य अतिथि फादर डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने भारतीय भाषाओं के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सबसे उत्तम भाषा प्रेम की भाषा होती है। हमें चाहिए कि हम अन्य भाषाओं का भी सम्मान करें। उन्होंने विद्यार्थियों से भाषायी एकता और समरसता को बनाये रखने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि फादर डॉ अजय अरुण मिंज, एसजे ने विद्यार्थियों को भारतीय भाषा उत्सव के महत्व से अवगत कराया तथा भारतीय भाव को समझाया। विशिष्ट अतिथि डॉ सुनील भाटिया ने अपने संबोधन में भाषाओं की उत्पत्ति, उनके महत्व तथा शब्दों के उच्चारण पर प्रकाश डाला। डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो जगबंधु महतो ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा उत्सव के उद्देश्य से परिचित कराया। बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रो रूमा भट्टाचार्य तथा प्रो शिल्पा किंडो के पर्यवेक्षण में थीम आधारित भाषण, गायन, कविता पाठ, पोस्टर, रंगोली, नाटिका, सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की तथा 'अनेकता में एकता' का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभागाध्यक्ष डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति, एसजे तथा विभाग के प्राध्यापकगण डॉ अनुपमा भार्गव, डॉ नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ नंदिता पांडेय, डॉ सुधांशु सिरिल कुजूर, प्रो सुधा रानी खलखो, प्रो पंकज कुमार, डॉ विक्रम बहादुर नाग, प्रो कविता टोपनो उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# 3.12 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि लोटार डैम के आसपास कुछ लोग अवैध अफीम की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से पहुंचने वाले हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने गिद्धौर थाना अंतर्गत लोटार डैम से रोहमर जाने वाले रास्ते पर जांच अभियान चलाया। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को खदेड़कर पकड़ा। दोनों के पास तलाशी लेने पर सफेद प्लास्टिक की थैली में करीब 3.12 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गयी। गिरफ्तार आरोपी गिद्धौर थाना के सलगा गांव निवासी पप्पू कुमार तथा पांडेय टोला निवासी बबलू कुमार महतो है। इस मामले में गिद्धौर थाना कांड संख्या 103/25, एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार खंडेलवाल, गिद्धौर थाना प्रभारी शिवा यादव के अलावा विद्यानंद शर्मा, रंजय कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, चार घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा भंडरा पथ पर सरेंगहातु बस्ती मोड़ के पास देर शाम दो मोटर साइकिल की टक्कर में चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को सेन्हा थाना पुलिस के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायलों को पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के भुजनिया निवासी स्वर्गीय फागु उरांव का पुत्र दिनेश उरांव और शिवलाल उरांव तथा सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अंबाटोली निवासी मोहित उरांव और नितेश उरांव रूप में किया गया। चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायल युवकों मोहित उरांव, नितेश उरांव और दिनेश उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जिसमें रांची ले जाने के दौरान घायल युवक भुजानिया निवासी दिनेश उरांव की रास्ते में मृत्य हो गयी। वहीं मोहित उरांव नितेश उरांव को बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर किया गया।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले सांसद सुखदेव भगत

# गुमला में पुराने प्रस्तावित मार्ग पर ही एनएच 43 का काम करने की मांग उठायी

नये प्रस्तावित मार्ग पर सड़क बनने से सैकड़ों आदिवासी परिवारों की खेती योग भूमि चली जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत नयी दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर झारखंड राज्य के गुमला जिला में एनएच 43 पर चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना से संबंधित एक गंभीर जन चिंता के मुद्दे की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि गुमला में भारतमाला राष्ट्रीय पथ का निर्माण से संबंधित कार्य आरंभ है। पूर्व में यह सड़क एनएच 43 मार्ग पर सीलम नावाडीह होते हुए छत्तीसगढ़ तक प्रस्तावित है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत से आदिवासी एवं अन्य समुदाय के लोगों ने स्वेच्छा से अपनी जमीन दिया था लेकिन एनएचएआइ के अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर गलत और भ्रामक तत्व आंकड़े प्रस्तुत कर राजमार्ग का मार्ग ही बदल दिया है और नये प्रस्तावित मार्ग पर सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। नये प्रस्तावित मार्ग से सड़क का निर्माण करने से इस क्षेत्र की जनता विशेष कर आदिवासी परिवार काफी चिंतित एवं आक्रोशित है। नये मार्ग परिवर्तन होने से सैकड़ों आदिवासी परिवारों को अपनी कृषि और सामाजिक भूमि को छोड़ना पड़ेगा जिसके कारण कई आदिवासी परिवार भूमिहीन हो जायेंगे। उनकी आय और दैनिकयापन का एकमात्र साधन कृषि है और अपनी भूमि खोने से वह हमेशा के लिए आजीविका से वंचित हो जायेंगे। नये प्रस्तावित मार्ग पर सड़क बनने से सरकार को भारी वित्तीय का नुकसान होगा क्योंकि नयी परियोजना का लागत बहुत अधिक है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रभावित आदिवासी परिवारों से मिला था। आदिवासियों का कहना है कि मैं पहले ही सड़क निर्माण के लिए अपनी जमीन दिया हूं नये प्रस्तावित सड़क पर मैं अपनी जमीन नहीं दूंगा क्योंकि लगभग सभी जमीन खेती योग है। सांसद ने मंत्री से आग्रह किया कि आदिवासी आबादी की रक्षा और जनकल्याण को बनाएं रखने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करते हुए पुराने एनएच 43 की परियोजना पर काम करने एवं नये प्रस्तावित योजना को स्थगित करने के साथ ही साथ गलत तथ्य प्रस्तुत करने वाले एनएचआइ अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग किये। जिससे विस्थापन भी रुकेगा और सरकार की राजस्व की हानि भी नहीं होगा। मंत्री ने सांसद सुखदेव भगत को इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# 15 वर्ष से जर्जर भवन में संचालित हो रही दाल-भात योजना, सुरक्षित भवन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर अस्पताल परिसर में लगभग डेढ़ दशक से राज्य सरकार की मुख्यमंत्री दाल-भात योजना से संचालित दाल भात केंद्र से जरूरतमंद लोगों को मात्र 5 रुपये में दाल-भात उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना गरीबों और असहाय लोगों के लिए बड़ी राहत है। बावजूद, इसके संचालन की स्थिति बेहद दयनीय है। जिला प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा अब तक इस योजना के लिए सुरक्षित और उपयुक्त भवन उपलब्ध नहीं कराया गया है। पिछले लगभग 15 वर्षों से यह योजना एक जर्जर और खस्ताहाल भवन में ही संचालित की जा रही है। जमीन पर काम कर रहे कर्मी हर दिन जान जोखिम में डालकर अपनी सेवा दे रहे हैं।इस भवन की दीवारें और छत कभी भी धराशाई हो सकती है। इस संदर्भ में योजना में कार्यरत कर्मी सुनील महली ने बताया कि, जर्जर भवन की स्थिति के बारे में उन्होंने कई बार सिविल सर्जन समेत स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया है। नए और मजबूत भवन की मांग भी किया गया, बावजूद, अबतक तक उनकी बातों को अनसुना किया जाता रहा है। सुनील महली ने कहा कि, लगातार डर के माहौल में काम कर रहे हैं। हर पल किसी अनहोनी का भय बना रहता है। मांग किया गया कि, जिला प्रशासन इस महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी योजना को सुरक्षित भवन में स्थानांतरित कराये। जिससे कर्मियों और लाभुकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। स्थानीय लोगों और योजना का लाभ लेने वाले जरूरतमंदों ने भी कहा कि, इतने बड़े पैमाने पर चलायी जा रही योजना को जर्जर भवन में संचालित करना घोर लापरवाही को दर्शाता है। लोगों की मांग है कि, जिला प्रशासन यथाशीघ्र इस मामले पर पहल करना सुनिश्चित करें। सुरक्षित भवन की व्यवस्था कर योजना को सुरक्षित माहौल में संचालित कराए। जर्जर भवन में निरंतर जारी इस योजना से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कर्मियों के साथ लाभुकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करने की जरूरत है।

# नर सेवा-नारायण सेवा : अमरप्रीत सिंह काले

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था हर हर महादेव सेवा संघ ने अपने वार्षिक कंबल वितरण सेवा अभियान के 25वें वर्ष का शुभारंभ किया। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सेवा की शुरूआत साधु समाज के बीच कंबल वितरित करके की गयी। संस्था पिछले 25 वर्षों से लगातार जरूरतमंदों, असहायों और गरीब परिवारों तक कंबल पहुंचाने का कार्य कर रही है।

संस्था का लक्ष्य है कि कठोर ठंड में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बिना कंबल के न रहे। संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा- हमारी कंबल सेवा कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, यह मानवता के प्रति हमारा संकल्प है। 25 वर्ष पहले शुरू की गयी यह छोटी-सी सेवा आज हजारों परिवारों तक गर्माहट पहुंचा रही है। हर वर्ष हम सेवा की शुरूआत साधु-संतों के आशीर्वाद से करते हैं, ताकि अभियान और अधिक प्रभावी और सफल हो सके। आने वाले दिनों में हम शहर के विभिन्न क्षेत्रों, बस्तियों, ग्रामीण इलाकों और जरूरतमंद परिवारों तक कंबल पहुंचाते रहेंगे। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने कहा, हर-हर महादेव सेवा संघ पिछले 25 वर्षों से निरंतरता, समर्पण और मानवीय भावना के साथ जो सेवा कर रहा है, वह समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है।

ठंड के कठिन समय में यह अभियान अनगिनत लोगों के लिए जीवनदायिनी राहत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिक, पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह निक्कू द्वारा किया गया। इस अवसर पर जयप्रकाश राय, जितेंद्र चावला, रामकेवल मिश्रा, राघवेंद्र शर्मा, बंटी सिंह, रूपेश झा, के विश्वनाथ राव, संदीप कुमार सिंह, स्वाती मित्रा, जूगुन पांडेय, बिभास मजूमदार, रितिका श्रीवास्तव, सरबजीत सिंह टोबी, शेखर मुखी, बिनोद भिरभरिया, आकाश गोप एवं अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# बालूमाथ में टास्क फोर्स की छापेमारी, 720 टन कोयला जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता


**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक के नेतृत्व में गठित जिला टास्क फोर्स ने लातेहार जिला में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू पंचायत अंतर्गत घुटाम इलाके में 12 नंबर खदान के पास छापेमारी कर लगभग 720 टन अवैध कोयला जब्त किया। जब्त कोयले को बालूमाथ थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। टीम ने हरैयाखांड में भी छापेमारी की, हालांकि वहां से कुछ बरामद नहीं हुआ। एसडीओ अजय रजक ने बताया कि उपायुक्त को गुप्त सूचना मिली थी कि घुटाम के 12 नंबर खदान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन चल रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद तत्काल टास्क फोर्स गठित कर कार्रवाई शुरू की गयी। उन्होंने कहा कि कोयला व्यवसाय में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और पहचान होते ही सभी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही जिस भूमि पर अवैध उत्खनन हुआ है, उसके मालिक को भी चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। छापेमारी दल में बालूमाथ व हेरहंज के सीओ, खान निरीक्षक पद्मलोचन पोद्दार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। उधर, डीएमओ नदीम शफी ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध कोयला या अन्य खनिज संपदा के उत्खनन व परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई तय है।

गौरतलब है कि इसी स्थान पर 17 मार्च को भी अवैध कोयला उत्खनन पकड़ा गया था, जिसके बाद बालूमाथ थाना कांड संख्या 26/25 दर्ज कर कई लोगों को आरोपी बनाया गया था।

# देवघर एयरपोर्ट पर इंडिगो की नाइट फ्लाइट रद्द, दिन की सभी उड़ानें सामान्य

संचालन व्यवस्था में आंशिक बदलाव का प्रभाव; एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों की सुविधा को दी प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** देवघर एयरपोर्ट पर इंडिगो की विमान सेवाओं पर पड़े आंशिक असर का सीधा प्रभाव मंगलवार को देखने को मिला, जब देवघर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की नाइट फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसके कारण कई यात्रियों को अपने यात्रा कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। हालांकि राहत की बात यह रही कि देवघर-दिल्ली, देवघर-मुंबई और देवघर-बेंगलुरु की सभी दिन की उड़ानें पूर्व निर्धारित समय पर सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। एयरपोर्ट प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि देवघर में विमान सेवाओं पर व्यापक असर नहीं पड़ा है। देवघर एयरपोर्ट के कार्यवाहक निदेशक जॉय बनर्जी ने बताया कि केवल रात वाली दिल्ली फ्लाइट ही प्रभावित हुई है, जबकि बाकी सभी उड़ानें नियमित रूप से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि इंडिगो की संचालन व्यवस्था में आंशिक बदलाव के कारण यह स्थिति बनी है, लेकिन जल्द ही नाइट फ्लाइट को भी बहाल किये जाने की उम्मीद है। जॉय बनर्जी ने यह भी कहा कि एयरपोर्ट पर यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रबंधन पूरी तरह सतर्क है। एयरपोर्ट स्टाफ को भी निर्देशित किया गया है कि वे यात्रियों की हर संभव सहायता करें और फ्लाइट से संबंधित अद्यतन जानकारी समय-समय पर उन्हें उपलब्ध कराएं। फ्लाइट रद्द होने की सूचना मिलते ही कई यात्रियों को तत्काल वैकल्पिक उड़ानों या अन्य मार्गों से यात्रा की व्यवस्था करनी पड़ी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने प्रभावित यात्रियों को आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया। कार्यवाहक निदेशक जॉय बनर्जी ने कहा, 'देवघर एयरपोर्ट पर संचालन सामान्य है। केवल दिल्ली की नाइट फ्लाइट प्रभावित है, जिसे जल्द ही बहाल कर दिया जायेगा। यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।' इंडिगो की नाइट फ्लाइट के जल्द पुनः शुरू होने की उम्मीद के साथ यात्री अब आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

## सीएम ने मुलाकात के बाद झगड़ू पंडित की प्रतिमा के अनावरण का दिया भरोसा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव ने विधानसभा में बुधवार को सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात किया। शीतकालीन सत्र में जामताड़ा निवासी झगरू बाबा के परिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करवाया। विदित हो कि झगरू पंडित झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में दिशोम गुरूजी के सहयोद्धा रहे थे और पारिवारिक संबंध था। दोनों दिग्गज दुनिया में अब नहीं हैं। गांव घर व समाज के सहयोग से दिवंगत झगरू पंडित की प्रतिमा बन कर तैयार है। सिर्फ अनावरण का इंतजार है। अनावरण को लेकर उनके बहू- पोता -पोती एवं परिवार के अन्य सदस्य ने सूबे के मुखिया से मिलकर अपनी बातों को रखा। अविनाश देव ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया और बातचीत हुई। प्रतिमा लोकार्पण के लिए आश्वासन दिये। सीएम से मुलाकात सकारात्मक और सार्थक रही।

# हजारीबाग: कूच बिहार अंडर 19 क्रिकेट मैच में झारखंड की टीम ने केरल को 6 रनों से हराया

शहर के संजय सिंह स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट का चार दिवसीय मुकाबला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के संजय सिंह स्टेडियम में आयोजित कूच बिहार अंडर-19 टूर्नामेंट का चार दिवसीय मुकाबला गुरुवार को संपन्न हो गया। 8 दिसंबर से शुरू हुए इस मैच में हजारीबाग के खेल प्रेमियों और शहरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। सुबह से शाम तक दर्शक तौलिया, जैकेट और छाते के सहारे मैदान में डटे रहे और हर गेंद पर जोश से मैच का आनंद लिया। एचडीसीए की पूरी टीम ने आयोजन को सफल और यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। तीसरे दिन झारखंड टीम ने दूसरी पारी में 313 रनों का शानदार स्कोर बनाकर मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। इसके आधार पर केरल को 186 रन का लक्ष्य मिला। चौथे दिन मैच की शुरूआत होते ही तनाव और उत्साह दोनों अपने चरम पर पहुंच गये। केरल के बल्लेबाज मानव कृष्णा ने 71 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन झारखंड के गेंदबाजों के सामने वह भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। केरल की पूरी टीम 180 रनों पर ऑल आउट हो गयी और झारखंड ने मात्र 6 रनों से इस रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की।

मैच समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों के चेहरों पर जीत की चमक देखकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का जोश दोगुना हो गया। एसडीसीए के उपाध्यक्ष करण जायसवाल ने झारखंड टीम को बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग आगे भी ऐसे राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का सफल आयोजन करता रहेगा।

## झारखंड टी10 ब्लास्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन भी रोमांचक रहा




आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** रांची के मेकॉन स्टेडियम में झारखंड के पहले लेदर बॉल आधारित झारखंड टी10 ब्लास्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन का मैच खेला गया। दूसरे दिन के मैच बहुत ही रोमांचकारी और मनोरंजन से भरपूर रहे।

**दूसरे दिन का मैच परिणाम :** - जेके सीए ने मेकॉन स्पोर्ट्स को हराया, इसमें मैन ऑफ द मैच आलोक शर्मा बने।

- यूसीसी ने एससीए को हराया, इसमें मैन ऑफ द मैच सचिन पाल बने।
- क्रीड़ाशाला ने एसएससी सीकेपी को हराया, इसमें मैन ऑफ द मैच प्रियांशु चौबे बने।
- बोकारो 11 ने रांची रहिनोस को हराया, इसमें मैन ऑफ द मैच कुमार अंकित बने।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
**ई–निविदा सं० :** ईसीआर–सीएओ–सी–एस–एटेन–गया–02, **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के धनबाद मंडल में चोपन–चुनार दोहरीकरण कार्य के संबंध में चौ. 141.430 से चौ. 143.070 के बीच छोटे पुलों का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, निर्माण में मिट्टी का काम, कंबलिंग, गिट्टी की आपूर्ति सहित स्थायी मार्ग को जोड़ना, पी.वे सामग्री का परिवहन, निर्माण कार्य, पानी की पाइप लाइन और अन्य संबंधित कार्य। **आकलित लागत (रू.):** 18,99,71,720.68, **बोली प्रतिभूति (रू.):** 10,99,900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने
उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
पूर्व मध्य रेलवे, गया
पीआर/1440/कॉन गया/टी/25–26/24

**पूर्व तट रेलवे**
निविदा सं. MCSW-Shotblast-25-26-23
**कार्य का नाम :** 36 (छत्तीस) महीनों की समयावधि के लिए कैरिज मरम्मत कार्यशाला, मंचेश्वर में FIAT बोगियों को अलग करना, IS ग्रेड SS-850/SAE ग्रेड S-330 के अनुसार स्टील शॉट्स द्वारा FIAT बोगी फ्रेम और उपकरणों की शॉट ब्लास्टिंग, शॉट ब्लास्टेड (SHOT BLASTED) FIAT बोगी फ्रेम और उपकरणों की पेंटिंग (पेंट आइटम की आपूर्ति के साथ) एवं उपकरणों के साथ FIAT बोगियों की सफाई एवं PU पेंटिंग।
**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 13,51,75,410/-, **EMD :** ₹ 8,25,900/-, पूरा होने की अवधि : 36 महीने।
बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 12.12.2025
**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 26.12.2025 को 1500 बजे।
ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।
ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर(POH), CRW / मन्चेश्वर
PR-894/Q/25-26

Before :-The Executive Magistrate at Seraikella
**AFFIDAVIT**

I, RAJESH ORAON, S/o. Birendra Oraon, residence of Village-Jilingda, P.O.- Aruwan, Panchayat-Aruwan, P.S.- Kuchai, Dist.- Seraikella- Kharsawan, Jharkhand; do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That, I am resident of aforementioned address, having my Aadhaar Card No. 3748 3869 8485.
2. That, SATYA ORAON is my minor son, his actual and correct name has been mentioned in his Birth Certificate bearing Regd. No. 0059/12/2016, Date of Regd. 06.09.2016, as SATYA ORAON.
3. That, in his Aadhaar Card bearing No. 5923 0246 8687, his name has been wrongly written as SATAY ORAON, instead of SATYA ORAON.
4. That, now I want to rectify my son's name in his Aadhaar Card as SATYA ORAON in place of SATAY ORAON.
5. That, I swear this affidavit to declare above mentioned facts and submit the same before authority concern for needful; hence this affidavit.
Sl. No-1451/25, Date-27.11.2025

**शपथ पत्र**
शपथ पत्र संख्या 04 दिनांक 11.12. 2025 के अनुसार मैं मिशु शिवानी बर्णवाल पिता महेश प्रसाद बर्णवाल, C/o गणेश मोदी, उम्र करीब 25 वर्ष, धर्म - हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, निवासी - गिरिडीह रोड, एस० बी० आई० बैंक के पास, डोमचाँच, महेशपुर, थाना - डोमचाँच, जिला - कोडरमा (झारखण्ड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ:-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ तथा मेरा आधार कार्ड सं0-8870 1375 4811 है।
2. यह कि मेरा वायु सेना के सभी प्रमाण पत्र में मेरा नाम मिशु शिवानी (Mishu Shivani) अंकित है। यह कि मेरा सभी प्रमाण पत्र में मेरा नाम मिशु शिवानी बर्णवाल (Mishu Shivani Barnwal) अंकित है।
3. यह कि मैं मिशु शिवानी बर्णवाल (Mishu Shivani Barnwal) उर्फ मिशु शिवानी (Mishu Shivani) दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ तथा दोनों नामों की एक हीं लडकी हूँ। 4. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने वायु सेना के सभी प्रमाण पत्र में नाम मिशु शिवानी (Mishu Shivani) के स्थान पर मिशु शिवानी बर्णवाल (Mishu Shivani Barnwal) सुधार कराने हेतु बनायी।

# टैगोर का गुस्सा और नेहरू की दुविधा...

वंदे मातरम पर संसद में चर्चा हुई। सरकार और विपक्ष ने एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाये। ऐसे में जानना जरूरी है कि आजाद भारत का राष्ट्रगान बनने के लिए वंदे मातरम दौड़ में सबसे आगे था, लेकिन फिर 'जन गण मन' को चुन लिया गया। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1950 को 'जन गण मन' के पहले छंद को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया। तब उन्होंने कहा था, 'जन गण मन के रूप में पहचाने जाने वाले शब्दों और संगीत से युक्त रचना भारत का राष्ट्रीय गान है... और वंदे मातरम, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभायी, उसे भी जन गण मन के साथ समान रूप से सम्मानित किया जायेगा और समान दर्जा मिलेगा।' 'जन गण मन' को पहली बार 27 दिसंबर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वार्षिक सत्र के दूसरे दिन एक सार्वजनिक समारोह में गाया गया था। एक महीने के भीतर ही जनवरी 1912 में यह छंद बंगाल की 'तत्वबोधिनी पत्रिका' में प्रकाशित हुआ। इसकी हेडिंग थी, भारत विधाता। इसे ब्रह्म संगीत के तौर पर वर्गीकृत किया गया था। ब्रह्म समाज की इस पत्रिका का संपादन किया था रवींद्रनाथ टैगोर ने। इसके बाद 25 जनवरी 1912 को कलकत्ता में हिंदू महीने माघ के जश्न पर हुए एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 'जन गण मन' की प्रस्तुति हुई। 1911 में पहली सार्वजनिक प्रस्तुति के बाद कुछ अखबारों ने छापा था कि रवींद्रनाथ टैगोर ने किंग जॉर्ज पंचम के सम्मान में यह गीत लिखा है। जॉर्ज पंचम दिल्ली में राज्याभिषेक समारोह के लिए भारत आने वाले थे। लेकिन खुद टैगोर ने इसका खंडन किया। उन्होंने 1939 में गुस्से से भरा एक पत्र लिखा था, 'मैं केवल अपने आप को अपमानित करूंगा अगर मैं ऐसे लोगों को जवाब देने की परवाह करता हूं, जो मुझे इतना मूर्ख समझते हैं कि मैं जॉर्ज चतुर्थ या पंचम की प्रशंसा में गीत गाता हूं।' बाद में 'जन गण मन' का अन्य भाषाओं में अनुवाद किया गया। एक तरफ वंदे मातरम लगातार लोकप्रिय हो रहा था, वहीं 'जन गण मन' को भी पहचान मिल गयी थी। अगस्त 1941 में रवींद्रनाथ टैगोर का निधन हो गया और 6 साल बाद देश को आजादी मिली। भारत की स्वतंत्र सरकार पर विदेशी दूतावासों, डिफेंस सर्विसेज और दूसरी जगहों से दबाव पड़ने लगा कि आधिकारिक समारोह में हिंदुस्तान का राष्ट्रगान बजाया जाये। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनकी कैबिनेट इस बारे में कोई फैसला नहीं ले पाये, क्योंकि यह काम संविधान सभा को करना था। उस समय तक भी राष्ट्रगान की दौड़ में वंदे मातरम सबसे आगे था। साल 1947 में संयुक्त राष्ट्र में 'जन गण मन' बजाया गया। नेहरू ने एक पत्र में उल्लेख किया है कि इस गीत की बहुत सराहना हुई। इसकी धुन और ताल ने भी राष्ट्रगान के तौर पर इसे चुनने में मदद की। नेशनल और इंटरनेशनल इवेंट्स में आर्केस्ट्रा की जरूरत के हिसाब से बाद में इसमें थोड़ा बदलाव किया गया। नेहरू का मानना था कि 'जन गण मन' में एक निश्चित जीवन और आंदोलन है। 25 अगस्त 1948 को उन्होंने संसद में कहा, 'कुछ लोगों ने सोचा था कि वंदे मातरम की धुन अपने महान आकर्षण और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ विदेशों में आर्केस्ट्रा पर बजाने के लिए उपयुक्त नहीं है... ऐसे में वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में जारी रहना चाहिए। राष्ट्रगान होना चाहिए जन गण मन।'

**नेहरू ने एक पत्र में उल्लेख किया है कि इस गीत की बहुत सराहना हुई। इसकी धुन और ताल ने भी राष्ट्रगान के तौर पर इसे चुनने में मदद की।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**श्रम संहिताओं, विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के माध्यम से, देश के पास हर कामगार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी ढांचा मौजूद है –चाहे वह गिग ड्राइवर हो, फैक्ट्री कर्मचारी हो या निर्माण कार्य करने वाला प्रवासी मजदूर हो। सामाजिक सुरक्षा संहिता नौ प्रमुख कानूनों को एकल एकीकृत ढांचे में समेकित करती है। इससे प्रशासनिक जटिलता कम करने, लाभों को हस्तांतरित करने की योग्यता बेहतर बनाने, नियोक्ताओं के लिए अनुपालन सरल बनाने और निगरानी व प्रवर्तन मजबूत बनाने में मदद मिलती है।**

# सामाजिक सुरक्षा की ओर कदम: श्रम संहिताएं और डिजिटल ढांचा

**जी. मधुमिता दास**



सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां गरीबी कम करने, मजबूती बढ़ाने और न्यायसंगत विकास को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रत्येक निवासी को, उसकी आय, रोजगार की स्थिति या जनसांख्यिकीय विशेषता की परवाह किए बिना, पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, बेरोजगारी भत्ता या दिव्यांगता सहायता जैसे न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंच प्रदान करता है। भारत अब सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने की दिशा में पहले से कहीं अधिक नजदीक है-एक ऐसी प्रणाली जिसे अधिकांश राष्ट्र, यहां तक कि सबसे विकसित देश भी, दशकों तक निरंतर निवेश और प्रयास करने के बाद ही स्थापित कर पाये।

श्रम संहिताओं, विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के माध्यम से, देश के पास हर कामगार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी ढांचा मौजूद है –चाहे वह गिग ड्राइवर हो, फैक्ट्री कर्मचारी हो या निर्माण कार्य करने वाला प्रवासी मजदूर हो।

सामाजिक सुरक्षा संहिता नौ प्रमुख कानूनों को एकल एकीकृत ढांचे में समेकित करती है। इससे प्रशासनिक जटिलता कम करने, लाभों को हस्तांतरित करने की योग्यता बेहतर बनाने, नियोक्ताओं के लिए अनुपालन सरल बनाने और निगरानी व प्रवर्तन मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसकी बदौलत विशेषकर असंगठित क्षेत्र के छोटे उद्यमों के कामगार – जहां भारत के 90% कामगार काम करते हैं–नौकरशाही की अड़चनों में उलझे बगैर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**भारत ने दुनिया के सबसे तेज, कम लागत वाले और इंटरऑपरेबल भुगतान नेटवर्क में से एक यूपीआइ की पहल की है।**

यह संहिता सरकार को भी यह अधिकार देती है कि वह सभी क्षेत्रों में उद्यमों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी), मातृत्व लाभ और ग्रेच्युटी का कवरेज बढ़ा सके, ताकि अब तक असुरक्षित रहे कामगारों को लाभ मिल सके और छोटे उद्यमों में स्वैच्छिक पंजीकरण को प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अलावा, यह राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कोष / राज्य सामाजिक सुरक्षा कोष की व्यवस्था प्रदान करती है, जहां सरकार का वित्तीय योगदान, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का योगदान, नियोक्ता और कर्मचारियों का योगदान एकत्रित किया जा सकता है, जो सामाजिक सुरक्षा कवरेज को सहायता प्रदान कर सकता है। लेकिन केवल कानून बनाना भर ही पर्याप्त नहीं है। जो बात वास्तव में भारत को उसके वैश्विक समकक्षों से अलग कर सकती है, वह है उसका उभरता डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तंत्र–इ-श्रम डेटाबेस और आधार प्रमाणीकरण से लेकर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्लेटफॉर्म तक। ये सभी उपकरण मिलकर भारत को पारंपरिक कल्याण मॉडल से आगे बढ़ने और एक पोर्टेबल, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम कल्याण प्रणाली बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, जो दुनिया की किसी भी प्रणाली से अलग है।

**आधारः सार्वभौमिकरण की रीढ़ :** सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश सार्वभौमिकता सुनिश्चित करने के लिए हर निवासी को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं जो सीधे लाभों से जुड़ी होती है। भारत के पास आधार के रूप में यह सुविधा पहले से मौजूद है–जो अत्यंत विश्वसनीय और निःशुल्क प्रमाणीकरण प्रदान करता है।

आधार सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा की सबसे बड़े बाधाः अर्थात, विभिन्न राज्यों, क्षेत्रों और नियोक्ताओं में लाभार्थियों की पहचान और प्रमाणीकरण को हल करता है। प्रवासी कामगारों के लिए, आधार-सक्षम पोर्टेबिलिटी वह कर सकती है, जो पिछली पीढ़ी के कल्याणकारी सुधार हासिल नहीं कर पाये : स्थान की परवाह किए बगैर लाभों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करना। यह प्रणाली नॉर्वे और डेनमार्क जैसे देशों में डिजिटल आइडी आधारित प्रणालियों की तरह है, जहां नागरिक अपनी कल्याण पहचान को अलग-अलग क्षेत्रों और सेवाओं में निर्बाध रूप से अपने साथ रख सकते हैं।

**एकीकृत डेटाबेस पर आधारित एकीकृत संहिता :** जहां एक ओर दुनिया भर में संगठित क्षेत्र के कामगार सामान्यतः सामाजिक सुरक्षा कवरेज के अंतर्गत आते हैं, वहीं नियोक्ता-कामगार के बीच स्थिर रोजगार संबंध नहीं होने के कारण असंगठित क्षेत्र के कामगारों को कवर करना कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होता है। कई देश एकीकृत श्रम कानूनों पर भरोसा करते हैं, लेकिन बहुत कम देशों के पास भारत के ई-श्रम डेटाबेस जैसा विशाल राष्ट्रीय श्रमिक रजिस्टर मौजूद है। सामाजिक सुरक्षा संहिता में एकीकृत पंजीकरण तंत्र का प्रावधान इ-श्रम के साथ पूरी तरह मेल खाता है, जो पहले से ही 310 मिलियन से अधिक असंगठित क्षेत्र के कामगारों के जनसांख्यिकीय, कौशल और व्यवसाय संबंधी डेटा को संग्रहित करता है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से प्रत्येक कामगार की विशिष्ट रूप से पहचान की जाती है और उन्हें एक इ-श्रम यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान किया जाता है।

भारत की क्षमता–एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से असंगठित कामगारों की विशिष्ट पहचान करना, उन्हें सीधे पंजीकृत करना और ट्रैक करना–सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए तेज पंजीकरण, बेहतर पोर्टेबिलिटी और कामगार डेटा के रियल-टाइम अपडेट की सुविधा प्रदान कर सकती है। भविष्य में, यदि इ-श्रम और इपीएफओ यूएएन को पोर्टेबल बनाया जाता है, तो असंगठित क्षेत्र और संगठित क्षेत्र के बीच श्रमिकों की गतिविधियों को ट्रैक करना संभव होगा। इससे श्रम बाजार की गतिशीलता का विश्लेषण किया जा सकेगा और यह सार्वजनिक नीतियों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण डेटा स्रोत साबित होगा।

**यूपीआइ और डीबीटी : वह महत्वपूर्ण कड़ी जिसे ज्यादातर देश अभी तक अपना नहीं पाये :** कल्याण पर ज्यादा ध्यान देने वाले देश बैंकों और पारंपरिक भुगतान प्रणालियों पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं। हालांकि भारत ने दुनिया के सबसे तेज, कम लागत वाले और इंटरऑपरेबल भुगतान नेटवर्क में से एक यूपीआइ की पहल की है। डीबीटी के साथ एकीकृत होने के कारण, भारत के पास सामाजिक सुरक्षा भुगतान को तुरंत और सीधे कामगारों के खाते में पूरे देश में कहीं भी भेज सकने की प्रमाणित क्षमता है। यह एक ऐसी क्षमता है जिसके लिए विकसित अर्थव्यवस्थाएं भी संघर्ष करती हैं। महामारी के दौरान, अमेरिका तक में लाखों लोगों को प्रोत्साहन चेक के लिए हफ्तों बाट जोहनी पड़ी थी । इसके विपरीत, भारत ने आपातकालीन कोविड-19 भुगतान लाखों लाभार्थियों तक अभूतपूर्व गति से हस्तांतरित किया था।

केंद्रीय और राज्य सरकारों के पास जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य कवरेज, मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा आदि से जुड़ी कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हैं। इन योजनाओं में ई-श्रम पंजीकृत कामगारों को शामिल करके तथा यूपीआइ और डीबीटी का उपयोग करके, सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा को बड़े पैमाने पर, उपयोगकर्ता-अनुकूल, पारदर्शी और कुशल तरीके से हासिल किया जा सकता है।

**भारत दुनिया से आगे निकल सकता है :** इतिहास में पहली बार, भारत के पास सभी महत्वपूर्ण साधनः कानूनी ढांचा (श्रम संहिताएं), एक राष्ट्रीय श्रमिक रजिस्टर (ई-श्रम), एक सार्वभौमिक पहचान प्रणाली (आधार), एक रियल-टाइम भुगतान प्रणाली (यूपीआइ) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली (डीबीटी) मौजूद हैं। यह संयोजन वैश्विक स्तर पर दुर्लभ है। यदि इसे सही तरीके से उपयोग किया जाये, तो भारत एक ऐसा सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा मॉडल बना सकता है जो केवल समावेशी ही नहीं, बल्कि मूल रूप से डिजिटल आधारित और भविष्य के लिए सुरक्षित भी हो– एक ऐसा मॉडल, जिसका अन्य देश एक दिन अध्ययन करें।

सामाजिक सुरक्षा संहिता केवल एक कानून नहीं है; यह 21वीं सदी में किसी राष्ट्र द्वारा अपने कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीके को पुनः परिभाषित करने का अवसर है। भारत को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रम संहिताएं सभी कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के इस अनूठे अवसर को पूरा करें।

**(लेखक : श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# पोटका विधायक ने प्रतियोगी परीक्षाओं में भूमिज भाषा शामिल करने की मांग की, विचार करेगी राज्य सरकार


**आजाद सिपाही संवाददाता**



श्री संजीव सरदार, मा० सदस्य, पोटका, 46

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में पोटका विधायक संजीव सरदार ने जेटीइटी, जेएसएससी सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भूमिज भाषा को पुनः शामिल करने की मांग उठायी। विधायक श्री सरदार ने कहा भूमिज समुदाय की आबादी चार लाख से अधिक है। पूर्व की टीईटी 2016, कक्षपाल 2015 आदि कई परीक्षाओं में यह भाषा शामिल थी, लेकिन 2023 की संशोधित नियमावली से इसे हटा दिया गया, जिससे समुदाय में गहरा असंतोष है। मंत्री दीपक बिरुआ ने माना पहले परीक्षाओं में यह भाषा शामिल थी और बाद में नियम बदलाव के कारण बाहर हो गयी। उन्होंने कहा सरकार इस विषय को गंभीरता से लेकर विचार करेगी।विधायक सरदार ने कहा भूमिज भाषा का पुनः समावेश केवल परीक्षा का नहीं, बल्कि समुदाय की पहचान और अस्तित्व का सवाल है।

# विधायक मंगल कालिंदी ने सलगाझरी स्टेशन पर लोकल ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा उठाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के द्वितीय बजट सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सलगाझरी स्टेशन पर लोकल ट्रेनों का ठहराव बंद किए जाने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा रेलवे के इस निर्णय से हजारों दैनिक मजदूरी करने वाले गरीब लोग और विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले कामगार प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं।विधायक कालिंदी ने कहा रोजी-रोटी की तलाश में आने-जाने वाले लोगों के लिए लोकल ट्रेनें जीवनरेखा की तरह हैं। ठहराव बंद होने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे रेलवे का अमानवीय निर्णय बताते हुए कहा कि इस कदम से लाखों लोग आक्रोशित हैं।उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से मांग की जनहित एवं लोकहित को देखते हुए सलगाझरी स्टेशन पर लोकल ट्रेनों का ठहराव अविलंब बहाल कराया जाये।

# विधायक सविता महतो ने विधानसभा में उठाया डैम विस्थापितों का मुद्दा



श्रीमती सविता महतो, मा० सदस्य, ईचागढ़, 50

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने चांडिल डैम विस्थापितों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने बताया लगभग 42 वर्ष पूर्व बने डैम के कारण 84 मौजा के 116 गांव विस्थापित हुए थे, जिन्हें आज तक समुचित पुनर्वास सुविधा नहीं मिली है। विधायक महतो ने सरकार से विस्थापितों के पूर्ण पुनर्वास के लिए 50 करोड़ रुपये की विशेष राशि, लंबित मुआवजा भुगतान और डैम के आरएल मीटर की बाध्यता समाप्त करने की मांग की। साथ ही जल भंडारण क्षमता को 180 आरएल मीटर से नीचे रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में डैम का जल स्तर 180 आरएल मीटर से ऊपर होने के कारण किसानों के धान की फसल को भारी नुकसान हो रहा है।

# बड़ाजामदा स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा की मांग



**बड़ाजामदा (आजाद सिपाही)। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक की टूट चुकी टाइल्स यात्रियों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। रोजाना सैकड़ों यात्री फिसलने की आशंका के बीच प्लेटफॉर्म से गुजरने को मजबूर हैं। शिकायतों के बावजूद मरम्मत न होने से यात्रियों में स्टेशन मास्टर व रेलवे प्रशासन के प्रति रोष देंखने को मिल रही है। यात्रियों ने तत्काल टाइल्स बदलकर सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।**

# सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सुंदरनगर थाना क्षेत्र में देर शाम हुए सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सुंदरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सिटी स्कैन मशीन व आॅर्थो सर्जन के लिए तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया।**


# करमपदा में ग्राम विकास मंच का बैठक



**गुवा (आजाद सिपाही)। मेधाहातुबुरु उतरी पंचायत,गांव करमपदा में ग्राम विकाश मंच का बैठक मुखिया लीपी मुंडा की अध्यक्षता में की गयी। क्षेत्रीय मुण्डा फ्रानसीस, ग्रामीण मुंडा राजेश, डीलर देवधारी कुमार उपमुखिया सामसाद आलम, पुजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, वार्ड सदस्य सावित्री कांडा, वार्ड सदस्य सुकेर मुनी चरवा, सहिया लाली देवी, सेविका शंकरी सिद्ध, सक्रिय महिला सुकान्ती महतो, सचिव तीलीतमा नायक अमरीता देवी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। गांव के विकास के बारे में जानकारी दी गयी। इनमे स्वच्छ पर्यावरण, संपूर्ण शिक्षा और जागरुक समाज के साथ- साथ संपूर्ण आजिवीका संसाधन, संपूर्ण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक संगठन मुद्दों पर चर्चा हुआ है। इस संदर्भ में मुखिया लिपि मुंडा ने बताया कि वर्तमान में किरीबुरु क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांव का विकास नितांत आवश्यक है। कई ऐसी बुनियादी समस्याएं हैं, जो लंबे समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। क्षेत्र की सड़क एवं दूरसंचार के साधन की समस्या से ग्राम इन लंबे समय से पीड़ित हैं, इसका निदान अविलंब किया जाना चाहिए। शिक्षा की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। आसपास कई ऐसे स्कूल हैं, जिसकी शिक्षण व्यवस्था दयनीय है।**

# सरयू राय के अभिस्ताव पर सरकार ने यूआरएमपी के लिए पहले चरण में आदित्यपुर समेत 5 जिलों का किया चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर/रांची।** झारखंड सरकार ने नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के तहत गंगा व उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, पुनरुद्धार और सतत प्रबंधन के लिए अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार कर रही है। दो वर्षों में पांच राज्यों के 62 शहरों का यूआरएमपी बनेगा। प्रथम चरण में झारखंड के रांची, धनबाद, चास, आदित्यपुर और साहेबगंज/ राजमहल को शामिल किया गया।विधानसभा में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के अभिस्ताव पर सरकार ने यह जानकारी दी। श्री राय ने स्वर्णरेखा और खरकई नदी तटवर्ती रांची व जमशेदपुर शहरों के लिए तैयार योजनाओं को सार्वजनिक कर प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की मांग की थी। सरकार के अनुसार यूआरएमपी तैयार करने का कार्य नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, नयी दिल्ली तथा उसके नॉलेज पार्टनर अल्लुवीयम इंडिया को सौंपा गया है। रिवर सिटी एलायंस के सदस्य रांची, धनबाद समेत 14 शहरों का मास्टर प्लान चरणबद्ध रूप से बनाया जायेगा। प्रथम चरण में पांच शहरों की योजना तैयार की जा रही है।

## पूर्वी सिंहभूम जिला मरवाड़ी सम्मेलन में अध्यक्ष पद की दौड़ तेज

# सीतारामडेरा से काशीडीह तक लिप्पू शर्मा का जनसंपर्क अभियान, लोगों का मिला समर्थन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मरवाड़ी सम्मेलन में अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सुनील उर्फ. लिप्पू शर्मा ने सीतारामडेरा, भालूबासा और काशीडीह क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और सेवाकार्यों पर आधारित उनके नेतृत्व की सराहना की।

लिप्पू शर्मा ने कहा समाज सेवा उनके लिए कर्तव्य है, परिचय नहीं। उन्होंने अपने 85 प्लेटलेट दान, कोरोना काल में की गई सहायता, जल पात्र स्थापना, शिक्षा स्वास्थ्य में सहयोग और मरवाड़ी भाषा के लिए किये गये कार्यों को जनता के समक्ष रखा।

पूर्व में मरवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर के अध्यक्ष, झारखंड प्रांतीय मंच के संयोजक एवं उपाध्यक्ष और सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में सचिव जैसे पदों पर उनकी सक्रिय भूमिका रही है। इस अवसर पर उनके साथ दौरे में बबलू अग्रवाल मिनी, बजरंग अग्रवाल, मंटू अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकमत से कहा इस बार नेतृत्व सेवा मुखी हाथों में सौंपा जाना चाहिए। जनता का संदेश स्पष्ट है काम करने वाला लिप्पू शर्मा चाहिए।

## गोविंद प्लस टू हाइ स्कूल में हुआ अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गोविंद प्लस टू हाई स्कूल में गुरुवार को 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास हुआ। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, चंदन केशरी, बालाजी केशरी, धनंजय गौड़, टिंकू गुप्ता और अरविंद पटवा ने संयुक्त रूप से आधारशिला रखी। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक-अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने नए निर्माण कार्य को विद्यालय के शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि विद्यालय में लंबे समय से कमरे कम पड़ने की समस्या थी, जिस कारण बच्चों को अलग-अलग बैच में पढ़ाना पड़ता था। नए वर्ग कक्ष के निर्माण से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और अनुकूल वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। इस दौरान अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करा लिया जाएगा और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। प्रधानाध्यापक ने नए वर्ग कक्ष की स्वीकृति दिलाने में सहयोग के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई के प्रति पहले की तरह सहयोग बनाए रखें। इस मौके पर शिक्षा विभाग के कनीय अभियंता मनोज शुक्ला, ब्रजेशधर दुबे, पीयूष चौबे आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंपायर और स्कोरर पैनल की हुई बैठक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 24वें गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर तैयारी जोरो पर है। प्रतियोगिता के अंपायर एवं स्कोरर पैनल की बैठक गुरुवार को चिनिया रोड स्थित द फ्लेवर इंपायर में हुई। जिसमें प्रतियोगिता संचालन से जुड़े सभी तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष दीपक, जबकि संचालन सियाराम शरण वर्मा ने किया। इस अवसर पर सचिव आनंद सिन्हा ने प्रतियोगिता के सफल बनाने को लेकर पैनल संयोजक की ओर से दिये गये नामों पर चर्चा की। मैचों के लिए अंपायरों की तैनाती, स्कोररों की जिम्मेदारियां, ग्राउंड एवं टेक्निकल प्रोटोकॉल, खेल भावना बनाए रखने, और विवाद रहित मैच संचालन को लेकरु आवश्यक दिशा-निर्देश तय किये गये। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी सदस्यों को दायित्व सौंपे गये हैं। अंपायर पैनल के सदस्य सियाराम शरण वर्मा और चंद्रभूषण सिन्हा की देख रेख में अंपायर पैनल का गठन किया गया जिसके मैनेजमेंट कमेटी के प्रभारी प्रिंस सोनी, मनीष उपाध्याय, अमित उपाध्याय को बनाया गया। उनके नेतृत्व में आठ सदस्यीय अंपायर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, अभिषेक द्विवेदी, आदित्य तिवारी, आकाश कुमार, आलोक गुप्ता, प्रवीण मिश्रा शामिल है, जबकि स्कोरर पैनल में नमन कुमार, अभिनव, आकाश, अभिषेक कुमार और दिव्य रंजन चौबे को रखा गया है। बैठक में जितेंद्र सिन्हा, सचिव आनंद सिन्हा, पंकज सोनी और प्रवीण मिश्रा मौजूद थे।

## ठंड में बेसुध पड़ी महिला की बचायी जान



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सब्जी बाजार शेड में कड़ाके की ठंड से कांपती बेसुध पड़ी एक महिला को पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए उसे कंबल देकर एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर उसकी जान बचाई। महिला की पहचान रंका थाना क्षेत्र के ग्राम ढेंगुरा निवासी ललिता देवी (32) के रूप में हुई है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही रंका पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा प्राथमिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए महिला को थाना लाये और स्थानीय प्रशासन की मदद से महिला को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया। इस मौके पर समाजसेवी सोनू कुमार मद्धेशिया, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेंद्र राम और बैजनाथ साव आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने छह वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में रंका पुलिस ने समकालीन अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के छह वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन के लिए गढ़वा भेज भेज दिया है। इसकी जानकारी डीएसपी रोहित रंजन सिंह ने गुरुवार को दी। इस मौके पर थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी आदि उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में मानवाधिकार दिवस का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अधौरा आरके पब्लिक स्कूल में मानवाधिकार दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक नागरिक के रूप में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक विज्ञान के प्रमुख राहुल सोनी ने कहा कि छात्रों को मानवाधिकारों की अवधारणा और इन अधिकारों का सम्मान करने के साथ ही उनकी रक्षा करनी चाहिए। कहा कि एक जिम्मेदार व्यक्ति बन कर समाज की भलाई में अपना योगदान देना होगा। वहीं, प्रधानाचार्य डॉ पन्नालाल पुइतंडी ने कहा कि पर्यावरण की देखभाल करने और पेड़ नहीं काटने चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के दौरान छात्रों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह की प्रशंसा की।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

### पेड़ के पास से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करती पुलिस।

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय के सदर थाना अंतर्गत सोनदाग पंचायत के ग्राम हुरदाग में 33 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला सामने आया है। उसकी पहचान विनोद सिंह के रूप में हुई है। गुरुवार को उसका शव बहेरा पेड़ के नीचे से बरामद हुआ है। शव देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोनदाग के मुखिया रिमा देवी भी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। उधर, शव पाये जाने की खबर मिलते ही रंका पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विनोद सिंह के मौत का असल कारणों का पता चल सकेगा। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि विनोद सिंह एक दिन पहले शराब पीकर घूमते दिखा था।

## एक ही नंबर प्लेट के दो ट्रैक्टरों से बालू का अवैध परिवहन, एसडीएम ने रात में छापामारी कर पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार की रात बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ कचेहरी रोड में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान रात नौ बजे एसडीएम को दो ट्रैक्टर तेज गति से आते दिखे। उन्होंने बड़ी मुश्किल से उन्हें रूकवाकर जांच की। दोनों ट्रैक्टरों में ट्रॉली लगी थी। जिसमें बालू उत्खनन में प्रयुक्त उपकरण के साथ कुल 7 मजदूर सवार थे। पूछताछ में मजदूरों ने तुरंत स्वीकार किया कि वे लादने जा रहे हैं। बताया कि वाहनों के मालिक का नाम चिरोंजीया ग्राम निवासी अशोक प्रसाद गुप्ता है। इस दौरान जांच में हैरान करने वाला तथ्य सामने आया। क्योंकि दोनों ट्रैक्टर एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर पर चल रहे थे। संदिग्ध स्थिति और संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम ने तुरंत गढ़वा पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस की उपस्थिति में दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना प्रभारी को सौंप दिया। एसडीएम ने निर्देश दिया कि वाहन मालिक के जरिए संचालित नेटवर्क एवं डुप्लीकेट नंबर प्लेट के पूरे प्रकरण की गहन जांच कर कार्रवाई करें। एसडीएम ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन और परिवहन से जुड़े लोग बालू की तस्करी के लिए नये-नये हथकंडे अपना रहे हैं। पर हर परिस्थिति में ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## आंगनबाड़ी सेविका का लाल जेएसएससी में सफल होकर बना सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, क्षेत्र में हर्ष



**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आंगनबाड़ी सेविका सविता देवी और रमोद प्रसाद श्रीवास्तव के बड़े बेटे ऋषि राज श्रीवास्तव ने जेएसएससी क्वालीफाई कर सहायक प्रशाखा पदाधिकारी बनकर सगमा प्रखंड का नाम रोशन किया है। बतातें चलें कि सगमा के बीरबल गांव की रहने वाली आंगनबाड़ी सेविका जैसे छोटे पद पर रहते हुए भी सविता ने अपने बेटे सहायक प्रशाखा पदाधिकारी बनने में पूरा सहयोग किया, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ऋषि राज श्रीवास्तव इससे पहले बीटेक कर निजी कंपनी में इंजीनियर के पद पर सेवा दे चुके हैं। ऋषि राज ने बताया कि मुझे इंजीनियर बनने के बाद भी खुद से संतुष्टि नहीं मिल रही थी। यही कारण है कि उक्त नौकरी को छोड़कर माता-पिता के सहयोग से रांची रहकर तैयारी करते रहा। इसी का नतीजा है कि आज वे उक्त पद पर आसीन हो सके हैं। इसके लिए माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति नतमस्तक हूं। उन्होंने बताया कि इंजीनियर की नौकरी छोड़ने के बाद माता-पिता ने उक्त फैसले को वापस लेने का दबाव भी बनाया था, पर मैंने अपने माता-पिता को बार-बार आस्वस्थ किया कि एक न एकदिन सरकारी प्रतिष्ठित पद पाकर ही रहूंगा। ऋषि राज की इस सफलता पर ग्रामीणों के साथ ही उनके माता-पिता ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस समय ऋषि राज की सफलता की चर्चा हर चौक-चौराहा पर सुनने को मिल रही है।

## बीडीएसयू में 'भारतीय भाषा उत्सव' का आयोजन

## भारत अतुलनीय देश, जिसमें इतनी भाषाएं होने के बाद भी एकता के सूत्र में बंधा है : डॉ सुनीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के व्याख्यान कक्ष में गुरुवार को दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन और डिपार्मेंट आफ लॉ के संयुक्त तत्वाधान में एनसीटीई के निर्देशानुसार 'भारतीय भाषा उत्सव 2025' का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत तमिल भाषा के महान कवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन परिचय से की गई। वहीं, दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि 'भाषा अनेक भाव एक है।' इस उत्सव का उद्देश्य 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा देना है। भारतीय भाषा उत्सव, भाषा विविधता की सुंदरता का आनंद लेने और उस विविधता में एकता की भावना का अनुभव करने के लिए एक भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत एक अतुलनीय देश है जिसमें इतनी सारी भाषाएं होने के बावजूद यह एकता के सूत्र में बंधा हुआ है। इस दौरान बीएड, डीएलएड एवं डिपार्मेंट आफ लॉ के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भाषाओं में अपनी-अपनी कविता पाठ एवं कहानियों के माध्यम से लोगों को अवगत कराया। इस क्रम में बच्चों ने कई प्रकार के पेंटिंग का भी प्रदर्शन किया, जो यह बता रहा था कि हमारा देश कितनी सारी विविधताओं से भरा है। इस मौके पर डिपार्मेंट आफ लॉ की उप प्राचार्या किरण श्रीवास्तव ने बच्चों को भाषा के संविधान में उल्लेखित स्थान से अवगत कराया। उन्हें बताया कि संविधान में 22 भाषाओं का उल्लेख है और वह किस प्रकार संवैधानिक रूप से हमें एकता के सूत्र में बांधने का काम करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुनील सिंह, शशिकांत सिंह यादव, अरविंद तिवारी, आनंद चौबे, सतीश बिंद, सीपी मिश्रा सहित विद्यार्थी आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच संचालन अभिषेक एवं कंचन ने

## ग्रामीणों ने गढ़वा एसपी से की भवनाथपुर थाना के एएसआइ दिनेश सिंह की शिकायत

### बेवजह ग्रामीणों-छोटे व्यापारियों को धमकाने-गाली गलौज का आरोप

**एएसआइ ने ग्रामीणों के आरोपों को सिरे से नकारा**

आजाद सिपाही संवाददाता



जिप सदस्य रंजनी शर्मा।

**भवनाथपुर।** जिला पार्षद सदस्य रंजनी शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गढ़वा एसपी को लिखित आवेदन देकर भवनाथपुर थाना में पदस्थापित एएसआई दिनेश सिंह पर आम जनता एवं वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। आवेदन के जरिए बताया गया कि भवनाथपुर थाना में पदस्थापित एएसआई दिनेश सिंह बिना किसी कारण के आम लोगों को डराते-धमकाते हैं। उन्हें गालियां देते और अपमानित करते है। एएसआई छोटे-छोटे व्यापारियों से अनुचित तरीके से राशि की मांग करते हैं। यही नहीं, ऑटो चालकों और बाईक को रोक कर धमका कर जबरन अवैध वसूली भी करते हैं। ग्रामीणों ने एसपी से मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर एएसआई दिनेश सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और बेबुनियाद है। वहीं, आवेदन देने वालों में विजय यादव, ताहिर अंसारी, संतोष दूबे, रणविजय साह, राकेश कुमार, राजीव कुमार, सुमीत कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, चंद्रिका प्रसाद यादव, रामकिशुन साह आदि शामिल है।

## गुरु गोष्ठी में शैक्षणिक समस्याओं पर हुई चर्चा, कइयों का हुआ समाधान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय में गुरुवार को बीइइओ रंभा चौबे की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें बीइइओ ने विद्यालय संचालन से संबंधित जानकारी लेते हुए विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने एवं विद्यालय में मूलभूत व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित प्रधानाध्यापक और स्कूल के प्रतिनिधियों से ई-विद्यावाहिनी में छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति, साबित्री बाई फूले का ऑनलाईन संबंधित प्रतिवेदन, डहर मैप पर किया गया कार्य, वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंकेक्षण, विद्यालय किट का अभिश्रव, 2025-26 में ई-कल्याण पोर्टल पर छात्रवृति, बिना खाता वाले छात्र-छात्राओं को बैंक खाता खोलने के लिए प्रगति प्रतिवेदन, छात्र-छात्राओं का आधार अद्यतन, प्रयास कार्यकम/प्रोजेक्त इम्पैक्ट/प्रोजेक्त रेल, पीएम पोषण योजना एमडीएम, सत्र 2025-26 में वर्ग एक से 8 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पोशाक, निपुण भारत के अंतर्गत शिक्षकों का पंजीयन, शत प्रतिशत बच्चों का आपार आईडी बनाने, स्प्लिट सिलेबस, इको क्लब के शत प्रतिशत नोटिफिकेशन अपलोडिंग के प्रतिवेदन की समीक्षा सहित अन्य मुद्दों पर आवश्यक जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ रवि कुमार वैद्य, बीआरपी शशि कुमार, मिथिलेश पांडे, सीआरपी अशोक विश्वकर्मा, अरुण चौबे, मेराल हाई स्कूल के प्राचार्य ललिता पटेल, सर्वेश कुमार, अरुण दुबे और विजय यादव आदि उपस्थित रहे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक घायल

**डंडई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी पुकार सिंह का बेटा विजय कुमार सिंह (30) गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार विजय बाइक से डंडई बाजार जा रहे थे, तभी रास्ते में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। ग्रामीणों ने उसकी सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन तुरंत उसे गढ़वा सदर अस्पताल ले गए। डॉक्टर उसकी नाजुक हालत देखते हुए मेदिनीनगर मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया।

## डीएवी मॉडर्न स्कूल ने छात्रों को कराया शैक्षणिक भ्रमण




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डीएवी मॉडर्न स्कूल कक्षा 6 से 8 के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में संचालित गढ़वा के वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में ले गया। जहां स्कूली बच्चों को मनुष्य के पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, कंकाल एवं शरीर के विभिन्न अंगो एवं दातों को जानकारी दी गयी। विद्यालय के उपनिदेशक अनिरुद्ध केसरी ने बताया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए किताबों के साथ ही प्रायोगिक शिक्षक की भी जानकारी होनी अति आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न शिक्षक एवं शिक्षिका आदि मौजूद रहे।


## e- Procurement Cell
## Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra.

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/EE/CHATRA/ 31/2025-26** दिनांकः– 11.12.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 6 (Six) Additional Classrooms (ACR) in U.P.G. H.S Baraini, Chatra. | Rs. 69,03,300.00 | (08) Months |
| 2 | Construction of 6 (Six) Additional Classrooms (ACR) inU.H.S Dumri Barabagi, Kanhachatti. | Rs. 69,03,300.00 | (08) Months |
| 3 | Construction of 6 (Six) Additional Classrooms (ACR) in Govt. Secondary School, Raham, Tandwa. | Rs. 69,03,300.00 | (08) Months |
| 4 | Construction of 6 (Six) Additional Classrooms (ACR) in M.S Bachra, Tandwa. | Rs. 69,03,300.00 | (08) Months |
| 5 | Construction of 5 (Five) Additional Classrooms (ACR) in U.P.G. M.S Kasiadih, Chatra | Rs. 61,96,000.00 | (08) Months |
| 6 | Construction of 5 (Five) Additional Classrooms (ACR) in U.P.G. M.S Bargaon, Simariya. | Rs. 61,96,000.00 | (08) Months |
| 7 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Mahesa, Mayurhand. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 8 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG H.S Kolhaiya, Kanchachatti. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 9 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG H.S Manatu Tikulia, Lawalong. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 10 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Nawadih, Lawalong. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 13 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Banwar, Lawalong. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 12 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Paramatu, Lawalong. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 13 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in M.S Sila Ichak, Simariya. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 14 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Delho, Simariya. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 15 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Jamua (D-2018-29) Pratappur. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 16 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Banasam, Kunda. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 17 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Girls Kedlikala, Hunterganj. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 18 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in M.S Salaiya, Hunterganj. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| 19 | Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Surhud, Hunterganj. | Rs. 51,34,650.00 | (06) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.12.2025 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 05 -01-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06 -01-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

**Nodal Officer e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Chatra**

PR 368290 Building(25-26)D

### तमाड़ हाइस्कूल मैदान से जुड़ी 60 डिसमिल की जमीन विवाद पर उबाल

# राज परिवार ने अंचल में अपना दावा पेश किया

**महेंद्र नाथ शाहदेव का कहना है कि विवादित जमीन वैध रूप से रजिस्ट्री पट्टा के माध्यम से खरीदी गयी है**


सीओ से वार्ता करते दावेदार।



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ हाई स्कूल मैदान से जुड़ी 60 डिसमिल जमीन के दावे को लेकर पिछले एक महीने से क्षेत्र में तनाव जारी है। तमाड़ के पूर्व राजा के परिवार द्वारा की गयी घेराबंदी के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीण तमाड़ राजबाड़ी से राज परिवार के सदस्य महेंद्र नाथ शाहदेव के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए तमाड़ अंचल कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पत्रकारों तथा उपस्थित लोगों के समक्ष अपने-अपने दावे के दस्तावेज भी प्रस्तुत किये। महेंद्र नाथ शाहदेव का कहना है कि विवादित जमीन वैध रूप से रजिस्ट्री पट्टा के माध्यम से खरीदी गयी है। दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस जमीन की रसीद भी लगातार कट रही है और जमीन पर उनका दखल-कब्जा भी है। उनका आरोप है कि कुछ लोग उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से साजिश रच रहे हैं। इसी कारण वे सभी कागजातों के साथ अंचल अधिकारी से मिलने पहुंचे, ताकि अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकें।

अंचल अधिकारी से मुलाकात के बाद जानकारी मिली कि यह मामला वर्तमान में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बुंडू के पास है। शुक्रवार को इस विवाद की पहली सुनवाई तय की गयी थी और दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया गया है।

महेंद्र नाथ शाहदेव के अनुसार खाता संख्या 575 और प्लॉट संख्या 6166 का कुल रकबा 83 डिसमिल है, जिसमें 60 डिसमिल जमीन पंजी-2 में उनकी दादी श्यामा कुमारी देवया के नाम दर्ज है और उक्त भूमि की रसीदें भी उपलब्ध हैं। बाद में इसी जमीन को रजिस्ट्री पट्टे के माध्यम से अमरेंद्र नाथ शाहदेव ने खरीदा था।


सीओ ने बताया कि जमीन की जांच-पड़ताल कर रिपोर्ट एसडीओ को भेज दी गयी है। इससे पहले तीनों पक्षों–दावेदार, सकूल और ग्रामीणों–की संयुक्त बैठक भी की गयी थी, जिसमें न्यायालय से प्रमाणित प्रति (सर्टिफाइड कॉपी) निकालने की बात कही गयी थी। आवेदन दिये जाने के बावजूद दस्तावेज अभी प्राप्त नहीं हुए हैं। इसी मुद्दे को लेकर कुछ दिन पूर्व तमाड़ बंद भी हुआ था।

फिलहाल मामला शांत दिखने के बावजूद अंदर ही अंदर तनाव कायम है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गयी है।

# वन विभाग के प्रति ग्रामीणों का आक्रोश 16 वन कर्मियों को बनाया चार घंटे बंधक

**जंगली हाथियों के उपद्रव से लाकड़ी गांव के किसान काफी दिनों से परेशान हैं**

**ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को समझा कर वन विभाग कर्मियों को ग्रामीणों के बंधक से मुक्त कराया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत लाकड़ी गांव टोला माकलीकोचा में गुरुवार की रात एक जंगली हाथी द्वारा फुचू माझी और सुबोध मुर्मू का मकान तोड़ा और बाहर रखा धान खाया। जंगली हाथियों के उपद्रव से लाकड़ी गांव के किसान काफी दिनों से परेशान हैं। मकान तोड़े जाने के बाद ग्रामीणों के गुस्सा में आग में घी डालने जैसा काम किया और ग्रामीण हाथी भगाने गये हाथी भगाओ दस्ता के 13 सदस्यों को बंधक बना लिया। खबर मिलते ही वनपाल राणा प्रताप महतो, वाचर बुधेश्वर माझी और जिहुड़ गोप पहुंचे, उन्हें भी बंधक बना लिया गया।

ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया कि जब तक जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीणों का जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करेगी, वन कर्मियों को नहीं छोड़ा जायेगा। खबर मिलने के बाद नीमडीह थाना का एसआई अभय कृष्ण गिरी, एएसआई टुना प्रसाद पुलिस दल के साथ पहुंचे। मौके पर लाकड़ी पंचायत के उप मुखिया नारायण गोप और ग्राम प्रधान रंजीत माझी भी पहुंच कर ग्रामीणों को समझा कर वन विभाग कर्मियों को ग्रामीणों के बंधक से मुक्त कराया।

ग्रामीणों ने सरकार एवं वन विभाग को चेतावनी दिया कि अति शीघ्र इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीण जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## राहे से मेघनाथ, सोनाहातू से खगेश, और बारेंदा से सुभाष महतो भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोनीत



सोनाहातू/ राहे (आजाद सिपाही)। भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार पूर्व सांसद घुरन राम ने भाजपा राहे मंडल से मेघनाथ महतो, सोनाहातू से खगेश महतो, बारेंदा से सुभाष महतो को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। मंडल अध्यक्ष मनोनीत के बाद संगठन में मजबूती आयेगी। तीनों मंडल पर अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने बधाई दिया है।

## कोनका में किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण



मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मायापुर पंचायत के कोनका में किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। यह मक्का बीज बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 125 किसानों के बीच बीज वितरण किया गया है। 125 किसानों के बीच प्रति किसान आठ किलो के हिसाब से वितरण किया गया। खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया पुष्पा खलखो एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी के द्वारा किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर बीटीएम विकास तिर्की, बाबू खान, माइकल दान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बिरसा कॉलेज के शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रह



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज खूंटी परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) एवं कॉलेज प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत एनसीसी की छात्राओं ने रक्तदान कर की, जिससे पूरे परिसर में सेवा और जागरूकता का सकारात्मक माहौल बना। सदर अस्पताल खूंटी की ब्लड बैंक टीम की देखरेख में कुल 12 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर प्रतीक लुगुन सहित कई शिक्षकों और विद्यार्थियों ने रक्तदान कर युवाओं की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्र किशोर भगत, ब्लड बैंक प्रभारी आनंद उरांव, खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता, तथा एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश टूटी उपस्थित थे।

## जेसीएमयू के सम्मेलन की सफलता पर क्षेत्रिय समिति ने जताया आभार



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार के बचरा श्रमिक क्लब में संपन्न हुए झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता पर पिपरवार क्षेत्रीय समिति ने इसमें सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया है। क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन ने कहा कि कार्यक्रम में यूनियन के जोनल पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता शामिल होकर क्षेत्रीय समिति तथा संगठित एवं असंगठित मजदूरों को प्रशिक्षित किया, साथ ही चार लेबर कोड बिल के दूरगामी परिणाम से अवगत कराते हुए आंदोलन प्रकरण को विधिवत सरल भाषा में मजदूरों के बीच रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष परमेश्वर गंझू, क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन,अर्जुन गंझू, रामचंद्र उरांव, गणेश भुइयां, मथुरा मंडल, दीपक उरांव, वीरू मुंडा, अनिल राम, मुकेश साहू, परमेश्वर साव सहित यूनियन के अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

## सड़क दुर्घटना में कुंजला के युवक की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी सिमडेगा मुख्य मार्ग पर अंगराबारी स्वास्थ्य उप केंद्र के पास बुधवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में दिलीप कुमार महतो नामक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक मुरहू थाना क्षेत्र के कुंजला गांव का रहने वाला है। वैसे मूल रूप से उसका परिवार कर्रा थाना क्षेत्र के घासीबारी गांव का रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, कैलाश महतो, लूरका महतो, सूरज महतो सहित कई लोग सदर अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया।

## तमाड़ स्टैंड चौक में चोरी, ननकू होटल से नगदी और सामान गायब

तमाड़ (आजाद सिपाही)। बीती रात तमाड़ स्टैंड चौक स्थित ननकू होटल में चोरों ने लकड़ी का दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया और दो पेटी अंडा तथा गल्ले में रखे 2200 रुपये चोरी कर लिए। सुबह दुकानदारों ने दुकान खोली तो दरवाजा टूटा हुआ पाया। आसपास की दो-तीन दुकानों में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन चोर सफल नहीं हो सके। मामले की लिखित शिकायत तमाड़ थाना में दर्ज कराई गयी है। पुलिस चोरों की खोज में जुटी है।

# इंडियन ऑयल टर्मिनल में तेल उठाव ठप, हड़ताल पर गये टैंकर चालक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** इंडियन ऑयल टर्मिनल, खूंटी में गुरुवार से तेल का उठाव पूरी तरह ठप हो गया है। खूंटी टैंकर एसोसिएशन के आह्वान पर टैंकर चालक हड़ताल पर चले गये हैं। इसके कारण टर्मिनल के बाहर दर्जनों टैंकर खड़े हैं। टर्मिनल से रोजाना तीन से चार सौ टैंकरों में तेल लोड होकर झारखंड के विभिन्न जिलों में भेजा जाता था, लेकिन हड़ताल से सप्लाई पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गयी है।

टैंकर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा खान उर्फ टीका खान और उमेश भगत ने टर्मिनल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि टैंकर चालकों और ट्रांसपोर्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। साथ ही चालकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों टैंकर टर्मिनल में प्रवेश करते हैं, फिर भी यहां शौचालय, पेयजल और पार्किंग जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। पार्किंग स्थल नहीं होने से चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का जोखिम बढ़ जाता है। आराम हेतु रेस्टरूम भी उपलब्ध नहीं है, जबकि इस संबंध में कई बार प्रबंधन से आग्रह किया जा चुका है।

एसोसिएशन का कहना है कि मंगलवार को जब वे अपनी समस्यायें रखने के लिए टर्मिनल पहुंचे, तो उन्हें रोक दिया गया। उन्होंने अधिकारीके व्यवहार को लेकर नाराजगी जतायी और आरोप लगाया कि ट्रांसपोर्टरों के साथ भी सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता।

मौके पर गुलाम मुस्तफा खान उर्फ टीका खान, सुरेश यादव, जीडी राम, उमेश भगत, चिराग जैन, सादिक अली, पंकज यादव, दिलीप यादव, फैजल रहमान, अमरदीप सिंह और नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

### पत्रकारों से मिलने से अधिकारी ने किया इनकार

**टैंकरों की हड़ताल के संबंध में इंडियन ऑयल टर्मिनल के प्रबंधन से उनका पक्ष लेने के लिए पत्रकार गुरुवार को जब, टर्मिनल गेट पहुंचे, तो उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। बताया गया कि खूंटी की अधिकारी मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। फिलहाल टर्मिनल में तेल उठाव कार्य पूरी तरह बंद है, जिससे राज्य में ईंधन की सप्लाई बाधित होने की संभावना बढ़ गयी है।**

## खलारी: अनिल गंझू मंडल अध्यक्ष और श्याम सुंदर सिंह मंडल प्रतिनिधि बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रांची के टाटीसिलवे महिलोंग में भाजपा रांची जिला ग्रामीण की बैठक हुई। बैठक में चुनाव प्रभारी पूर्व सांसद घुरन राम, जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो, प्रदेश मंत्री मनोज बाजपेयी सहित कई लोग मौजूद थे, जिसमें ग्रामीण जिला के कई मंडलों के अध्यक्ष एव मंडल प्रतिनिधि की घोषणा की गयी, और प्रमाण पत्र दिया गया। खलारी मंडल के लिए मंडल अध्यक्ष के रूप में अनिल गंझू और मंडल प्रतिनिधि में श्याम सुंदर सिंह की घोषणा की गयी। दोनों प्रतिनिधि के मनोनयन पर खलारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनो नवनियुक्त को बधाई दी गयी है। बधाई देने वाले लोगों भाजपा कार्यकर्ताओं मे जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम कुमार साहू अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, भरत रजक, शैलेंद्र शर्मा, शशि प्रसाद साहू, जितेंद्र पांडेय, विकास दुबे, शत्रुंजय सिंह, रामसूरत यादव, कार्तिक पांडेय, आनंद सिंह, दिनेश प्रसाद गुप्ता रविंद्र मुंडा, सुबोध रजक, नेपाल सिंह, चतुर्गुण भूईया, नागदेव सिंह, सरोजनी देवी, उदय सिंह रविंद्र पासवान, सिन्नी समाड अजीत पांडेय, भरत प्रजापति अभिषेक कुमार चौहान, रामबली चौहान, ममता केसरी, नीरा देवी रामेश्वर महतो, कमलेश महतो, राजू गुप्ता, दिलीप कुमार पासवान, गणेश यादव, जफरुद्दीन अंसारी, रितेश आदि उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल बचरा में मनायी गयी महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक मनाये जा रहे भारतीय भाषा उत्सव का गुरूवार को समापन किया गया। भारतीय भाषा उत्सव के अंतिम दिवस पर स्कूल में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनायी गयी, जिसमें भाषाई विविधता और संस्कृति के सम्मान में निबंध, कविता पाठ, संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या डॉ अभिलाषा कुमारी ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्कूल की प्राचार्य डॉ अभिलाषा कुमारी ने कहा कि इस भारतीय भाषा उत्सव के माध्यम से हमारे छात्र न केवल भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को समझ रहे हैं, बल्कि वह विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं से भी जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में कक्षा सप्तम की छात्रा हिमानी भारती ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किया। मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल कल्याणपुर की प्राचार्या आभा खन्ना ने अपने संबोधन में सभी भारतीयों को भाषाई विविधता के बावजूद एकजुटता का सुझाव दिया। हिंदी शिक्षक डीपी मिश्रा ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती जिन्हें महाकवि भारती भी कहा जाता है एक महान कवि, पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपनी ओजस्वी कविताओं और लेखों से तमिल साहित्य और जनमानस में नयी चेतना जगायी।

# अमरदीप हत्याकांड का खुलासा, आरोपी बंबइया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के बिलसिंरिंग के पास जंगल में एक जून को बरामद शव, (जिसकी पहचान बाद में डूमरगड़ी निवासी अमरदीप गोप के रूप में हुई थी), उस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अर्जुन मुंडा उर्फ अर्जुन उर्फ 'बंबईया' (उम्र 49 वर्ष) को बुधवार को डूमरगड़ी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। तोरपा, बेड़ो, लापुंग और कर्रा थाने में उसके खिलाफ कुल आठ मामले लंबित हैं।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त टीवीएस अपाचे बाइक (नं. JH-01FX-5788), आरोपी का आधार कार्ड, पहचान पत्र, चार मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड तथा मृतक का एटीएम कार्ड बरामद किया है। गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) क्रिस्टोफर किड्डुर ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी।

### क्या है पूरा मामला?

एसडीपीओ ने बताया कि अमरदीप की चचेरी बहन की शादी आरोपी अर्जुन उर्फ बंबईया से हुई थी। इसी दौरान अमरदीप की सगी बहन से भी बंबईया के अवैध संबंध हो गए और वह दूसरी पत्नी के रूप में उसके घर पर रहने भी लगी। बाद में अमरदीप की बहन ने बंबईया को छोड़कर अलग रहने का निर्णय लिया। बंबईया को शक था कि अमरदीप उसके और उसकी दूसरी पत्नी के बीच बाधा बन रहा है। इसी खुन्नस और संदेह में उसने अमरदीप को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 31 मई को बंबईया, अमरदीप को बहाने से बिलसिंग के पास जंगल में ले गया। दोनों ने वहां शराब पी। नशे में धुत होने पर बंबईया ने अमरदीप को चट्टान पर पटक दिया और पत्थर से सिर कुचल दिया। इसके बाद गला काटकर उसकी हत्या कर दी। पहचान मिटाने के लिए आरोपी ने शव के चेहरे को जलाने का भी प्रयास किया। घटना के बाद वह फरार होकर कभी कोलकाता, तो कभी मुंबई में छिपता रहा।

एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई का सदस्य भी रह चुका है और नक्सली जेठा कच्छप के गिरोह में था।

**गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम :** अमरदीप हत्याकांड के खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी में शामिल टीम में एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, अनुसंधानकर्ता योगेश सिंह, आरक्षी प्रवीण कुमार आदि शामिल थे।

## झारखंड आंदोलन के पुरोधा एनइ होरो को विधायक सुदीप गुड़िया ने दी श्रद्धांजलि



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलन के पुरोधा, गांधीवादी नेता एवं झारखंड गोमके एनई होरो की पुण्यतिथि पर गुरुवार को तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने गोविंदपुर मिशन चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर विधायक ने कहा कि आज आप भले ही हमारे बीच सशरीर मौजूद नहीं हैं, लेकिन झारखंड की स्मृतियों और माटी में आप सदैव अमर रहेंगे। विधायक ने कहा कि एन.ई. होरो का योगदान झारखंड की सांस्कृतिक पहचान, अधिकारों और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अविस्मरणीय है। उनके विचार आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम में पादरी प्रदीप करकेट्टा, डीडी गुड़िया, विनोद उरांव, राहुल केशरी, लछुवा लोहरा, मुन्ना हेरेंज, शिशिर हेमरोम, निस्तार बारला, कार्तिक उरांव, आशीष करकेट्टा, बिकसल सुरीन, दिलीप होरो, बीजू सोनी, असलम खान, तणवीर हुसैन, गंदुर धान, सुकवन तोपनो, प्रवीण तोपनो, संजीव सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीओ के निर्देश पर चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था शुरू, ठंड से मिली राहत

सिल्ली/मुरी (आजाद सिपाही)। राहत कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गयी है। शाम ढलते ही विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, जहां स्थानीय लोग आग तापते हुए आपस में चर्चा और परिचर्चा करते नजर आये। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पूरे शीतकाल में प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जायेंगे, ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड से परेशान न हो। सीओ अरुणिमा एक्का ने उन स्थानों पर विशेष रूप से अलाव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, जहां जरूरतमंद, दिहाड़ी मजदूर, प्रवासी राहगीर और बेघर लोग अधिक संख्या में रहते या गुजरते हैं। संबंधित कर्मचारियों को लगातार निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## ईचागढ़: चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूता वाहन को बीडीओ ने रवाना किया




ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के तत्वाधान में सचिव तौसीफ मेराज के निर्देशानुसार कुकड़ू प्रखंड में चलन्त लोक अदालत सह विधिक जागरूता वाहन को प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला ने रवाना किया। इस दौरान छतारडीह ग्राम में ग्रामीणों के बीच विधिक जागरूता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलएडीसी विजय कुमार महतो ने बताया कि निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। छोटे छोटे बिवादो का त्वरित निपटरा करना इसका मुख्य उदेश्य है, अधिकारों की रक्षा के लिए नागरिकों को कानूनी रूप से जागरूक होना आवश्यक है। कार्यक्रम में एलएडीसी विजय कुमार महतो, पीएलवी विकास चंद्र महतो, फागुराम महतो, मस्तान सिंह महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा रांची जिला मंत्री गणेश का निधन


मृतक गणेश कुम्हार की फाइल फोटो।

तमाड़/बुंडू (आजाद सिपाही)। भाजपा रांची जिला मंत्री और पूर्व मंडल अध्यक्ष बुंडू के गणेश कुम्हार का निधन रांची रिम्स के कार्डियो विभाग में ईलाज के दौरान हो गया। गणेश कुम्हार वर्षों से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य किये और कई सामाजिक संगठन में भी जुड़कर कार्य किये। इनके निधन से भाजपा को काफी अपूर्णीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, लक्ष्मण सिंह मुण्डा, अनुप कुमार साहु, रनजित लाहेरी, आलोक दास, विवेक जायसवाल, भाष्कर मुखर्जी, सुबोध मुखर्जी, राजेश उरांव कपिल महतो, धीरेंद्र महतो गोलक दास अधिकारी, महावीर सोनी, विवेक कुमार गुप्ता, सुरेंद्र साहु, संतोष साहु, विष्णु पद महतो, समरेंद्र मुखर्जी, परसुराम दास, मनोज कुमार साहु, मोती पातर, संतोष साहु, राजकुमार महतो, अजित कुमार महतो, शशि कुमार महतो, कालीचरण सिंह मुंडा, दिनेश साहु, तुलसी मुंडा सहित कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## खूंटी के नये मंडल अध्यक्षों की घोषणा 14 को

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला कार्यालय में गुरुवार को संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ करने हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। बैठक में प्रदेश मंत्री सह खूंटी जिला चुनाव प्रभारी नंद जी प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। नंद जी प्रसाद ने बताया कि खूंटी जिले के नये मंडल अध्यक्षों का चयन कर लिया गया है, जिसकी औपचारिक घोषणा आगामी 14 दिसंबर को जिला कार्यालय में की जायेगी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना ने प्रस्तुत किया। बैठक में जिला उप चुनाव प्रभारी संतोष साहू, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, कैलाश राम, संतोष जायसवाल, जिला महामंत्री संजय साहू, निखिल कन्डुलना, जिला मंत्री मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, जिला मीडिया प्रभारी अनुप साहू, महावीर राम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत सहित विभिन्न मंडलों और मोर्चा अध्यक्षों तथा अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# भारतीय भाषाएं हमारे देश की आत्मा हैं : नरेंद्र नाथ महतो



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य आयोजन हुआ। इसमें भारत की भाषाई विविधता, सांस्कृतिक धरोहर और मेनी लैंग्वेज वन इमोशन के भाव की अत्यंत मनमोहक झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय भाषाएं हमारे देश की आत्मा हैं। विद्यार्थियों ने आज जिस उत्साह और गर्व से विभिन्न भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को प्रस्तुत किया है, वास्तव में यह काफी प्रशंसनीय है। यह उत्सव बच्चों में राष्ट्रीय एकता, भाषाई सम्मान और सांस्कृतिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संचालन शिक्षिका गायत्री सुदर्शी एवं स्नेहा शालिनी ने किया। वहीं, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रदेशों के सांस्कृतिक स्टॉल रहे, जिनमें हर राज्य की भाषा, वेशभूषा, खान-पान, कला और लोक-संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर आज एक जीवंत मिनी इंडिया जैसा प्रतीत हो रहा था। मौके पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस आयोजन को अत्यंत सफल बनाया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## मुखिया ने बुजुर्ग-जरुरतमंदों के बीच कंबल बांटे



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए प्रखंड अंतर्गत कुटियातू पंचायत की मुखिया निशा उरांव एवं पूर्व मुखिया शारदा टोप्पो ने अपने निधि से पूरे पंचायत में कंबल का वितरण करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में गुरुवार को दोनों ने संयुक्त रूप से पंचायत के मल्टी, चटकपुर गांव में 200 बुजुर्ग एवं जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। मुखिया निशा उरांव ने कहा कि पंचायत के एक-एक जरूरतमंद को कंबल दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की ओर से जारी ठंड से बचाव के उपायों को बताया। वहीं, शारदा टोप्पो ने बुजुर्गों को ठंड से बचने एवं देर रात एवं भोर में खुलें में नहीं रहने की अपील की। बताया कि शुक्रवार को अमरुगुटटू, डढुटोली में कंबल वितरण किया जाएगा।

## माउंट कार्मल विद्यालय में एनसीसी प्रशिक्षण का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** माउंट कार्मल विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एनसीसी प्रशिक्षण का एक दिवसीय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरके सिंह स्कॉट एंड गाइड नेशनल कमिश्नर ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए देश के प्रति समर्पण और अनुशासन के महत्व पर चर्चा की गयी। वहीं, बच्चों ने भी सेवा के लिए भारतीन सेवा में जाने की इच्छा जताई। फादर दीपक ने बच्चों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। इस मौके पर सिस्टर टेसी प्रिंसिपल माउंट कार्मल स्कूल ने आरके सिंह का धन्यवाद दिया और जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया। सिस्टर टेसी ने बताया कि एनसीसी का देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान है।

## जमीन पर झूठा दावा करने और रंगदारी मांगने के लिए धमकी देने का आरोप



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेसल ग्राम निवासी नागेंद्र नाथ महतो ने गांव के ही प्रदीप पाहन पर सरकार की ओर से 100 साल पहले उनके पूर्वज के नाम पर बंदोबस्त की गई जमीन पर अवैध दावा करते हुए रंगदारी मांगने एवं झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस बाबत नागेंद्र ने अनगड़ा सीओ एवं थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा कि हेसल में 3.72 एकड़ जमीन को उनके पूर्वज कोका महतो के नाम पर सरकार द्वारा बंदोबस्त किया गया था। उनके नाम पर साल 1955 में भू बंदोबस्ती पर्चा भी निर्गत किया हुआ है। हाल के सर्वे में उनके दादा सोहराई महतो, झंडू महतो एवं पांडु महतो पिता कोका महतो के नाम उक्त भूखंड का बंडा पर्चा भी बना हुआ है। तब से लेकर आज तक इस भूखंड का अद्यतन लगान रसीद कटते आ रहा है। कई हिस्सेदार इस भूखंड पर घर मकान बनाकर शांतिपूर्ण ढंग से आवासित हैं। आरोप है कि विगत 8 दिसंबर को नागेंद्र महतो अपनी जमीन पर चारदीवारी निर्माण करा रहे थे, तभी प्रदीप पाहन अपने सहयोगी रामपोदो महतो सहित अन्य लोगों के साथ पहुंचा और निर्माण कार्य को बाधित कर रंगदारी की मांग करने लगा। पैसे नहीं देने पर जान से मारने और एसटी/ एससी के झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगा। बताते चलें कि दो एकड़ जमीन प्रदीप पाहन के पिता स्व हरखनाथ पाहन के नाम पर भी बंदोबस्त हुआ है। यह जमीन रिंग रोड के पूर्व दिशा की ओर स्थित है, जबकि नागेंद्र महतो की जमीन रिंग रोड के पश्चिम दिशा में रांची-मुरी सड़क किनारे है। आरोप है कि प्रदीप पाहन जमीन दलालों के साथ साठगांठ कर नाजायज ढंग से उसकी जमीन पर दावा कर उसे बेचने की योजना बना रहा है। इधर, इस बाबत प्रदीप पाहन से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। उनकी जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था जिसे वे रोकने गए थे।

## ठगी के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चटकपुर फ्रेंड्स कॉलोनी में पुलिस ने लाखो रुपये ठगी के एक आरोपी के घर इशेहार चिपकाया। कोर्ट के आदेश पर रातू पुलिस गुरुवार को आरोपी नवलेश चौधरी के घर पहुंची। पर वह घर में मौजूद नहीं था। नवलेश ठगी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा है। उसपर लोहरदगा जिले के कई लोगों से लाखों रुपये ठगी करने का आरोप है। ठगी के शिकार भुक्तभोगियों ने आरोपी नवलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पर वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने आदेश पर गुरुवार को रातू पुलिस नवनीत चौधरी के घर पहुंची और इश्तेहार चिपकाया।

### दड़दाग आरटीसी कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन कोर्स के 65 विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

# बिना हुनर के रोजगार पाना कठिन है : राम टहल चौधरी

- डिग्री के साथ ही कौशल का विकास भी होना आवश्यक : डॉ तुलु सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओरमांझी।** दड़दाग आरटीसी कॉलेज में गुरुवार को इलेक्ट्रीशियन कोर्स के तीन बैचों के कुल 65 विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। श्री श्री रविशंकर के संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के ट्रस्ट एसएसआरडीपी की ओर से संचालित प्रशिक्षण में जर्मनी की कंपनी शनाडर भी शामिल है। 40 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में फैन वाइंडिंग आदि का प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने पर विद्यार्थियों को एनएसडीसी का प्रमाण पत्र दिया गया, जो रोजगार के लिए लोन आदि सुविधा प्राप्त करने में सहायक है। इस अवसर पर आरटीसी कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आर्ट ऑफ लिविंग जहां प्राणायाम और सुधर्शन क्रिया की मदद से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जाता है, वहीं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इलेक्ट्रीशियन स्किल प्रशिक्षण भी दे रहा है। यह पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। आर्ट ऑफ लिविंग की पूर्व एपेकस डॉ तुलु सरकार ने कहा कि सिर्फ ग्रेजुएट हो जाना पर्याप्त नहीं है। डिग्री के साथ ही कौशल का विकास भी होना आवश्यक है, क्योंकि स्किल ही व्यक्ति को वास्तविक रूप से आत्मनिर्भर बनाता है। वहीं, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि केवल बीए कर लेने से विशेष लाभ नहीं होता। बिना हुनर के रोजगार पाना कठिन है। इसलिए तकनीकी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण पूरी ईमानदारी से करानी चाहिए। इस मौके पर ओरमांझी आरटीसी कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य डॉ भीम महतो, मुखिया दीपक बराइक, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, पूर्व प्रमुख जय गोविंद साहू, इंटर कॉलेज के प्राचार्य ब्रज भूषण नीरज, ग्राम प्रधान दीनदयाल, प्रो शैलेंद्र मिश्रा, आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े शिक्षक सोनाराम महतो, निखिल राज, महेश्वर मेहता, शंकर महतो, मुन्नी देवी, सरोज कुमारी, अजय और प्रशिक्षक उषा कुमारी आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, नये बैच के 30 विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू होने वाला है।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व सांसद राम टहल चौधरी एवं अन्य गणमान्य।

# भाजपा टाटीसिलवे मंडल में रांची जिला के नये मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों की हुई नियुक्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण की बैठक गुरुवार को महिलौंग स्थित सागर कॉम्पलेक्स में हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पलामू जिला के पूर्व सांसद धूरण राम उपस्थित रहे। इस दौरान नवनियुक्त 17 मंडल अध्यक्षों एवं 11 मंडल प्रतिनिधियों को उनके नामों के साथ दायित्वों की भी घोषणा की गयी। जिसमें मंडल अध्यक्षों में टाटीसिलवे से पुरुषोत्तम मिश्रा, राहे मेघनाथ महतो, पतरातु भगीरथ महतो, सिल्ली अंबुज रजक, बारेंद्र सुभाष चंद्र महतो, सोनाहातु खगेश महतो, बुंडू नगर सुबोध मुखर्जी, अनगड़ा सुनील महतो, ओरमांझी शंकर महतो, कुच्चू सुनील उरांव, ठाकुरगांव संतोष यादव, बुड़मू जगलाल महतो, खलारी अनिल गोंसु, चान्हो सालिक राम पांडेय, बेड़ो बलराम सिंह, नरकोपी विजय साहू, मांडर बबलू गोप, जबकि मंडल प्रतिनिधियों में टाटीसिलवे से राजेंद्र महतो, सिल्ली श्याम सुंदर महतो, बुड़मू राजू गोस्वामी, ठाकुरगांव रामकुमार दुबे, खलारी श्याम सुंदर सिंह, मांडर विष्णुचंद्र तिवारी, अनगड़ा रामसाय मुंडा, चान्हो विजय महतो, ओरमांझी राजधाम साहू, पतरातु सृष्टिधर प्रजापति और बेड़ो से बिरसा उरांव मनोनीत हुए। इस दौरान सभी नेताओं ने आगामी चुनाव में संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए मिलकर काम करने की सहमति जताई। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, रांची जिला ग्रामीण मंत्री संजीत सिंह, सांसद प्रतिनधि मुक्तिनाथ मिश्रा, जिला चुनाव सह अधिकारी मनोज चौधरी, ग्रामीण जिला महिला मंत्री माधुरी देवी, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, भाजपा नेता रितेश उरांव, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, अमित कुमार मिश्रा, गिरधर मिश्रा, अमित तिवारी, रोहित यादव, रंजीत कुमार, दिलीप मिश्रा, अरुण मिश्रा, जुगनू कच्छप, विजय बड़ाईक, भागीरथ बड़ाईक, नेल्सन एक्का आदि उपस्थित थे।



## गमगीन माहौल में हुआ मासूम का अंतिम संस्कार

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना से सटे वन विभाग कर्यालय परिसर में बुधवार की शाम 4.30 बजे वन विभाग की ओर से लिप्ट्स का पेड़ काटने के दौरान एक विशालकाय पेड़ गिरने से उसके नीचे दबकर तीन साल की मासूम बच्ची अनु कच्छप की मौत हो गई थी। घटना के दूसरे दिन गुरुवार को पूरे वन विभाग मोहल्ले में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद बच्ची का शव प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर गांव में मातम छा गया। बच्ची की घायल मां रोशनी गोप और पिता विमल कच्छप, भाई अभिषेक कच्छप एवं आर्यन कच्छप आदि दहाड़े मार कर रो रहे थे। इधर, गमगीन माहौल में बच्ची के शव का अंतिम संस्कार बस्ती स्थित बच्चा मसना में सरना रीति रिवाज से की गयी।**

# सुरसू का वन बरवडीह गांव आजादी के सात दशक के बाद भी जोह रहा विकास की बांट

**आजाद सिपाही संवाददाता।**

**सिकिदीरी।** सुरसू पंचायत का वन बरवाडीह गांव जहां करीब 100 से उपर आदिवासी परिवार रहते हैं। आजादी के 78 वर्ष बाद भी विकास की बांट जोह रहा है। यहां के हालात ऐसे हैं कि गांव में पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है। लोगों को गांव तक पहुंचने के लिए एक पुल की भी आवश्यकता है। इसके लिए मुखिया सुमित्रा देवी ने ग्रामीणों से संपर्क किया तो उन लोगों ने बताया कि वे लोग पिछले 25 साल से पूल के लिए विधायक, सांसद, बीडीओ, यहां तक की डीसी को भी लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन सभी जगहों से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। बतातें चलें कि वन बरवाडीह गांव जंगलों से घिरा हुआ है, जो जंगली हाथियों का अश्रय स्थली है। जंगली हाथी रात के अलावा दिन भी में भोजन की तलास में जंगल से बाहर निकल आते हैं। जिससे लोगों को परेशानी होती है। गांव तक सड़क नहीं होने के कारण अन्य विकास कार्य भी अवरूद्ध है। सबसे अधिक परेशानी तो तब होती है, जब गांव में कोई बीमार पड़ जाता है। ऐसे में मरीज को खटिया पर लादकर जान को जोखिम में डालकर सड़क तक पहुंचाया जाता है। उसके बाद उसे अस्पताल ले जाया जाता है। सड़क नहीं होने के कारण रात में तबीयत खराब हो जाने पर एम्बुलेंस चालक तक नहीं आना चाहते है। जो आने को तैयार भी होते हैं, तो गांव में जाने के लिए सड़क नहीं होने के कारण जंगल में भी वाहन को खड़ी करनी पड़ जाती है। गांव के लोगों का यह एक मात्र जर्जर रास्ता है, जिसपर बारिश के दिनों में चलना दुश्वार हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों को होती है। यह देख मुखिया सुमित्रा देवी ने सरकार से अविलंब पुल बनवाने की मांग की है। इस मौके पर श्यामसुन्दर बेदिया आदि मौजूद थे।



### लापुंग के सापूकेरा में डुगडुगिया जतरा का आयोजन, जमकर झूमे लोग

# जतरा में आदिवासी परंपरा को बचा कार रखें : सविता उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** सापूकेरा डुगडुगिया टोंगरी में गुरुवार को डुगडुगिया पुश जतरा का आयोजन हुआ। जिसमें आदिवासी परंपरा की झलक देखने को मिली। पारंपरिक आदिवासी परिधान में ढोल नगाड़े की बीच महिलाएं लाल पाड़ साड़ी पहन कर नाचते गाते दिखीं। इस दौरान लापुंग के सापूकेरा के सिंघा पहान ने पारंपरिक रीतिरिवाज से रंगुआ मुर्गा की बलि और तपावन देकर ढोल नगाड़ा के साथ पूजा पाठ कर सफेद रंग के विशाल झंडे को लेकर नाचते गाते गांव से जतरा स्थल पर गए। इस अवसर पर मुखिया सविता उरांव ने कहा कि डुगडुगिया जतरा आदिवासी रूढ़िवादी परंपरा को बनाए रखें, तभी आदिवासी की परंपरा बचेगी। पुरखो की देन इस जतरा को बचाकर रखना है। वर्षों पूर्व यह जतरा सापुकेरा डुगडुगिया पत्थर के टोंगरी के ऊपर तल पर लगता था। लेकिन इस पत्थर के चट्टान पर पत्थर माफिया की नजर पड़ गयी और उन लोगों ने इसकी खूबसूरत चट्टान पर गिद्ध नजर से अवैध खनन कर दोहन किया। इसके आधे भाग में 12 से 15 फिट तक पत्थर की कटाई कर इसकी सुंदरता को बर्बाद कर दिया गया। कुछ भाग में पांच से सात फिट पानी रहता है। इसके बाद यह डुगडुगिया जतरा नीचे सड़क किनारे लगता है। सापूकेरा मुखिया सविता उरांव इस जतरा में खोढहा के बीच सैकड़ो महिला पुरुष के साथ नाचती दिखीं। जतरा में ईख और जलेबी की खूब बिक्री हुई। जतरा में गाटया टोली के हरि पहान, पुजार फागू पहान, देवान धनिया बरला, जयंत बारला आदि ने जतरा की सफलता पर बधाई दी। वहीं, जतरा में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लापुंग थाना के एसआई सचिन लकड़ा दलबल के साथ मौजूद थे।



## विद्या विकास समिति की टीम ने किया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का निरीक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति झारखंड की ओक टीम ने निरीक्षण किया। इसमें विद्या विकास समिति रांची विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर काठीटांड के प्रधानाचार्य अजय कुमार द्विवेदी और बीजूपाड़ा के प्रधानाचार्य नीरज कुमार तिवारी उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों के आगमन से लेकर कक्षा शिक्षण, मध्यावकाश एवं समापन वंदे मातरम तक सूक्ष्म दृष्टि से निरीक्षण किया। अंत में विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे ने आचार्यों से कहा कि शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन टीएलएम का उपयोग होना चाहिए। साथ में विज्ञान शिक्षण में लैब अनिवार्य प्रयोग हो। शिशु वाटिका कक्ष से ही सुलेख पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही प्रारंभ से ही अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ के लिए विद्यालय के कक्षा में अंग्रेजी में ही वार्तालाप हो। इसके अलावे बीजूपाड़ा के प्रधानाचार्य निरज तिवारी एवं काठीटांड के प्रधानाचार्य अजय कुमार द्विवेदी ने भी निरीक्षण के दौरान कर्मियों को सुधार करने की सलाह दी। इस दौरान बैठक कर विद्यालय के विकास संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श कर उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, सचिव वाणी कुमार रॉय, सह सचिव यमुना सिंह, कोषाध्यक्ष भिखा उरांव, सदस्य रविन्द्र वर्मा और प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार के अलावे दर्जनों शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## टूलरूम में विद्यार्थियों के बीच प्रमाण सह नियुक्ति पत्र वितरित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम में गुरुवार को राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस योजना के तहत संचालित 'फिटर कम प्लांट मेंटेनेंस' कोर्स का समापन एवं प्रमाण सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान टूलरूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण सह नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बताते चलें कि प्रशिक्षार्थियों का चयन टाटा मोटर्स बस बॉडी प्राइवेट लिमिटेड (टाटा माकोपोलो) एवं टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलता पूर्वक हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य ने संस्थान की ओर से संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि टूलरूम उद्योग और युवाओं के बीच एक सेतु की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान छात्रों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा आने वाले समय में औद्योगिक क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह छह माह की अवधि वाला निःशुल्क आवासीय कोर्स था। जिसमें कुल 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने किया और उन्होंने प्रशिक्षण अवधि के अनुभव, गतिविधियों, तकनीकी सीखों और छात्रों की मेहनत पर प्रकाश डाला। मौके पर प्लेसमेंट इंचार्ज गौरव प्रियदर्शी, फैकल्टी मोतीलाल मेहता एवं अनुराधा उपस्थित थी।

## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सरगम फाउंडेशन की पहल पर योगदा सत्संग आश्रम रांची की ओर से गुरुवार को राजाडेरा टंगटंग टोली में सैकड़ों गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर योगदा सत्संग के शेखर प्रसाद एवं सरगम फाउंडेशन की सोनाली मजूमदार एवं सोमेन मजूमदार के हाथों करीब 200 जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। मौके पर धीरज सिंह, सूरज सिंह, महेंद्र लोहरा सहित अन्य उपस्थित थे। इधर, खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से बुधवार को सिरका पंचायत के गांधीग्राम एवं महेशपुर में गरीबों के बीच कंबल का वितरण हुआ। कांग्रेस के सिरका पंचायत अध्यक्ष समीम खान ने अपने हाथों से कंबल बांटा।

## श्री श्री जगत जननी मां शारदा देवी की जन्म तिथि की पूजा

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में श्री श्री मां शारदा देवी की जन्म तिथि पूजा का आयोन किया गया। सुबह पांच बजे से ही मंदिर में वेद पाठ, विशेष पूजा, भजन चंडी पाठ आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भक्त मंडली को श्री श्री सरदा देवी की जीवनी एवं उनके संदेश पर आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानन्द जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि हर समस्या के पीछे आशा एवं अनुभव होता है। जीवन में सुख-दुःख का परिवर्तन चलता रहता है। स्वामी जी ने बताया कि मां शारदा देवी शक्ती स्वरूपा एक मां की भांति सबकी देखभाल करती थी।

## समानता के अधिकार को लेकर निकाला कैंडल मार्च



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरिया में जेंडर कैंपिंग के तहत एसीजी की महिला एवं बुजुर्ग समूह की ओर से गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान महिला-पुरुष के समानता को लेकर संकल्प का आगाज किया गया। महिलाएं हाथों में बैनर एवं मोमबत्ती लिए समानता का अधिकार और लिंग हिंसा पर आधारित नारे भी लगाए। जेंडर सीआरपी चांदमुनी कुमारी ने सभी को संकल्प दिलाते हुए कहा कि समानता को लेकर सभी महिलाएं एक स्वर में आवाज उठाएं। बेटे-बेटियों के जन्म में फर्क न करें। मौके पर बिरजिनिया बालमोच, सिलीमा देवी, लक्ष्मी कुमारी, बोबी देवी, ममता देवी, मिनू देवी, कांती देवी, कविता देवी, प्रकाश साहु, विजय साहू, रामरतन साहू, नुनकरन साहू विभाष साहू, तुलसी साहू आदि मौजूद रहें।

## स्टेट चीफ ने विद्यार्थियों को किया मानवाधिकारों के प्रति जागरूक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ह्यूमन राईट संस्था के झारखंड स्टेट चीफ मनोज कुमार सिंह ने मानवाधिकार दिवस पर गुरुवार को बरगावां पंचायत अंतर्गत प्रोजेक्ट स्कूल एवं आरडीएस पब्लिक स्कूल के छात्रों को मानव अधिकार के प्रति जागरूक किया। बताया कि शिक्षा, समानता और स्वतंत्रता जैसे अधिकार हमारे जीवन का मूलभूत हिस्सा है। मनुष्य जन्म लेने से मृत्यु तक अपने अधिकार को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार के तहत पा सकता है। साथ ही सर्वभौमिक मनावधिकार के तहत 30 अनुच्छेद में अधिकार को बताया। कहा कि जीवन जीने, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य का अधिकार, अभिवाय:क्ति की आजादी शोषण के विरुद्ध अधिकार, प्रमुख मानवाधिकार है।

# मेराल के रास्ते छत्तीसगढ़ पहुंच रहा गुमला का धान

## रात के अंधेरे में हो रहा कार्य, ग्रामीणों ने पकड़ा, फिर छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** पुलिस-प्रशासन के लाख कोशिशों के बावजूद गुमला का धान रात के अंधेरे में छत्तीसगढ़ पहुंच रहा है। मंगलवार की देर रात पुलुंग के ग्रामीणों ने तीन पिकअप धान को पकड़ा। इसके बाद तीनों पिकअप को वापस भेज दिया। लेकिन पिकअप दूसरे रास्ते से होकर छत्तीसगढ़ पहुंच गया। रात के अंधेरे में ऐसा प्रतिदिन हो रहा है। उधर, जारी पुलिस को इसकी भनक तक नहीं है। सूत्रों की मानें तो गुमला और चैनपुर क्षेत्र से होते हुए पिकअप मेराल के रास्ते पुलुंग होकर छत्तीसगढ़ पहुंच रहा है। जानकारी के मुताबिक चैनपुर प्रखंड का एक व्यापारी प्रतिदिन रात के अंधेरे में धान छत्तीसगढ़ भेजता है। बताते चलें कि सोमवार की अहले सुबह छत्तीसगढ़ पुलिस ने छह पिकअप धान पकड़ा था। बावजूद इसके व्यापारी अलग-अलग रास्तों से धान छत्तीसगढ़ पहुंचा रहे हैं। गुमला जिला में लैंपस में धान की खरीददारी 15 दिसंबर से शुरू होगी। उससे पहले ही फायदा उठाते हुए व्यापारी किसानों से कम कीमत पर धान खरीद रहे और उसे छत्तीसगढ़ में दोगुनी कीमत पर बेच रहे हैं। सूत्रों की मानें, तो बुधवार की रात 10 बजे कई पिकअप में धान लोड कर छत्तीसगढ़ भेजा गया है।



इसी नंबर की गाड़ी में भेजा रहा था धान।

## मासूम बेटी और पति को छोड़कर महिला हुई फरार

- पति ने गुमला थाना में दर्ज करायी रिपोर्ट, जांच में जुटी पुलिस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के कुलांकरी बगीचा टोली निवासी 30 साल की एक महिला विगत आठ दिसंबर की दोपहर एक बजे अचानक घर से निकलकर कहीं चली गई। परिजन अपने स्तर से उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पुग्गु धौंथा टोली निवासी महिला के पति बुधराम कुजूर ने गुरुवार को थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए लापता पत्नी की तलाश करने की पुलिस से गुहार लगायी है। बुधराम ने बताया कि आठ दिसंबर को उसकी पत्नी अचानक घर से निकल गई। वह अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़कर गई है। बताया कि उसकी आठ साल की एक बेटी है। मां को याद कर उसने भी खाना पीना छोड़ दिया है, जिससे बीमार रह रही है।

## नाबालिग छात्रा को भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र से 14 साल की नाबालिग छात्रा को भगाने के आरोपी पुलिस ने गुरुवार को 20 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सुजीत साहू के रूप में हुई है। वलह पंडरिया का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक युवक गत मंगलवार को नाबालिक छात्रा को भागाकर सिलाफारी अपनी बहन के घर ले गया था। वहीं उसे छिपा कर रखा था। मामले को लेकर नाबालिक छात्रा की मां ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि उसकी बेटी 9वीं कक्षा की छात्रा है और स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी। आवेदन मिलते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों को सिलाफारी गांव से बरामद कर लिया। उधर, युवक को न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया। साथ ही नाबालिक छात्रा का मेडिकल कराया है।

## घर में फांसी लगाकर छात्र ने की आत्महत्या



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आदर भंडार टोली गांव में इंटर के छात्र रोहित उरांव ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार रोहित उरांव इंटर का छात्र है जो गुमला कॉलेज में पढ़ता था। विगत सात दिनों से वह कॉलेज नहीं जा रहा था। मां ने बुधवार को उससे कॉलेज नहीं जाने का कारण पूछा, तो रोहित ने कुछ नहीं बताया। इसके बाद उसकी मां बीमरला पहाड़ के लिए होटल का सामान लेकर निकल गई। मां के जाने के बाद घर पर कोई नहीं था। रोहित ही घर में अकेला था। जब उसके पिता बिमरला होटल से गुरुवार को घर लौटे तो दरवाजा बंद पाया। काफी देर तक शोर मचाने के बाद भी जब घर का दरवाजा नहीं खुला, तो सीढ़ी लगाकर घर का खपड़ा हटाकर अंदर झांका। वहां घर के छप्पर के काठ में साड़ी के सहारे रोहित फांसी पर लटका मिला। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## युवक को चाकू मारकर किया घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के महुआटांड़ डीपाटोली निवासी अफसर आलम (30) को मामूली विवाद में गांव के ही शमसाद आलम उर्फ बौना ने बुधवार की रात चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजन घायल अफसर को महुआ टांड़ अस्पताल ले गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल अफसर का इलाज गुमला अस्पताल में चल रहा है। उधर, गुरुवार की दोपहर दो बजे घायल अफसर ने बताया कि आरोपी से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। जिसपर गुस्से में शमसाद ने उसके पेट में चाकू मार दिया। वहीं, घटना की जानकारी होने पर पुलिस गांव पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसे थाने में रख कर पूछताछ कर रही है।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन प्रदेश अध्यक्ष का संगठनात्मक दौरा 17 दिसंबर से शुरू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश 17 से लेकर 21 दिसंबर तक संगठनात्मक दौरे में रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 17 दिसंबर को बिहार के बोधगया में वहां के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के साथ सामाजिक विचार गोष्ठी सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके बाद 19 दिसंबर को कोडरमा में जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करेंगे। उसी दिन शाम चार बजे हजारीबाग में जिला कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे। इसी क्रम में 21 दिसंबर को वे गढ़वा में जिला कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद उसी दिन उनका गुमला आगमन प्रस्तावित है। संगठन ने सभी स्वजातीय बंधुओं से इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सहयोग और सहभागिता की अपील की है। इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखण्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बताया कि इस दौरे को राजनीतिक, सामाजिक और सांगठनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## भदौली के पोटरो गांव में ग्रामीणों को कराया गया 12 आसनों का योगाभ्यास

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के भदौली पंचायत अंतर्गत पोटरो गांव में योग और ध्यान शिविर के दूसरे दिन के सत्र में गुरुवार को योग गुरु गजराज महतो ने ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया। बढ़ी ठंड को ध्यान में रखते हुए मंत्रोच्चारण के बाद यौगिक जॉगिंग के 12 अभ्यास कराये गये, ताकि शरीर में ओज, तेज एवं गर्मी का संचार हो सके। योग गुरु ने बताया कि इन 12 आसनों को अपने सामर्थ करने मात्र से सिर से लेकर पैरों के तलवे तक का संपूर्ण व्यायाम हो जाता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर की 206 हड्डियों के जोड़ों में लचीलापन आता है और हड्डियां मजबूत होती हैं। कंपकपाती ठंड में भी सुबह शरीर से पसीने आने लगते हैं और शरीर की सभी नस-नाड़ियों में रक्त सुगमता से प्रवाहित होती है, जिससे व्यक्ति के अनेकों शारीरिक रोग दूर होते है। वहीं, कद वृद्धि के लिए ताड़ासन, त्रियक कोणासन, वृक्षासन, गरुडासन का भी अभ्यास कराया गया। और इन सभी आसनों से शरीर को होने वाली विभिन्न लाभों की जानकारी दी गई। पुनः प्रतिदिन की भांति तीन जीवनदायिनी प्राणायामों का विधिपूर्वक अभ्यास कराया गया। अंत में योग भजन कराते हुए योगाभ्यास का समापन किया गया। इस दौरान योगाभ्यास करने के लिए ग्रामीण महिला पुरुष, नौजवान व बच्चे शामिल थे।

## आजाद बस्ती में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर लगाया गया शिविर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वार्ड संख्या नौ स्थित आजाद बस्ती में गुरुवार को आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर शिविर लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता वार्ड डीलर मुनव्वर जमा एवं सहिया सय्यदा खातून ने की। गुमला सदर अस्पताल के आयुष्मान मित्र फ्लेमिंग बरला की ओर से वार्ड के दोनों राशन डीलरों शबनम खातून और मुनव्वर जमा के राशन कार्ड धारकों के लिए कार्ड निर्माण कार्य किया गया। सहिया सय्यदा खातून ने योजना के लाभ एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर आयुष्मान एवं आभा कार्ड बनवाए। सहिया परवीन नाज सहित वार्ड के सभी कार्डधारियों ने टीम का आभार जताया।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया डुमरी एमटीसी में औचक निरीक्षण

### कुपोषित बच्चों के डाइट और स्वच्छता व्यवस्था की हुई सराहना

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने गुरुवार को कुपोषण उपचार केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अति गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए उपलब्ध डाइट, हेल्थ सप्लीमेंट और देखभाल व्यवस्था का विस्तृत मूल्यांकन किया। भोजन की गुणवत्ता, केंद्र में तैनात कर्मियों के कार्य एवं परिसर की स्वच्छता को संतोषजनक पाये जाने पर सराहना की। साथ ही कर्मियों को स्वच्छता मानकों को और मजबूत करने का निर्देश दिया। पदाधिकारी ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन के लिए समुदाय आधारित गतिविधियां और माताओं को पोषण शिक्षा अत्यंत आवश्यक हैं। इस दौरान उन्होंने कुपोषण कीट वितरित किया और बच्चों के प्लेयिंग एरिया के पहल की प्रशंसा की। इस मौके पर डीपीएम विकास कुमार पांडेय, प्रोजेक्ट मैनेजर स्वामी विवेकानंद और डॉ शालिनी गौतम आदि उपस्थित थे।

## ओवरलोडिंग और अमान्य कागजात के खिलाफ कार्रवाई, दो वाहन जब्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर गुरुवार को सघन सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। डीसी और एसपी के निर्देश पर डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने डीएबी मोड़ में अभियान का नेतृत्व किया। जिसका मुख्य फोकस टेंपो और टोटो में स्कूली बच्चों की ओवरलोडिंग और बिना वैध कागजात के चल रहे वाहनों पर रहा। जांच के दौरान दो ओवरलोड वाहन पकड़े गए, जिन्हें गुमला थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है। डीटीओ ने चालकों को नियम उल्लंघन से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर जोखिमों के बारे में जागरूक करते हुए भविष्य में यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगे भी ऐसे अभियानों में और कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान गुमला में सुरक्षित और अनुशासित परिवहन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## पूर्व सांसद समीर उरांव के भाई अनिल का निधन, शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा के पूर्व सांसद समीर उरांव के छोटे भाई अनिल उरांव का आकस्मिक निधन हो गया। इस पर गुमला भाजपा की ओर से शोक व्यक्त किया गया है। मिलनसार और सौम्य स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले अनिल उरांव दो बच्चों और परिवार को छोड़कर परलोक गमन कर गए। निधन की सूचना मिलते ही संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित किये। बिशुनपुर कोयल नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें मुखाग्नि समीर उरांव ने दी। जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने दुख की इस घड़ी में संवेदना जताई।

## शिक्षा विभाग के बीपीओ ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** डीसी के निर्देश पर मैट्रिक और इंटर में शत प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के बीपीओ ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान बीपीओ ने छात्राओं की पढ़ाई, उपस्थिति, तैयारियों और विषयवार प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया। साथ ही मॉडल प्रश्नपत्रों के आधार पर उनकी तैयारी को परखते हुए बेहतर अंक प्राप्त करने की रणनीतियां भी बताईं। बीपीओ ने छात्राओं को परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन, उत्तर-लेखन कौशल, पुनरावृत्ति के महत्व और फोकस बनाए रखने जैसी उपयोगी टिप्स दिया। उन्होंने शिक्षिकाओं को भी निर्देश दिया कि कमजोर छात्राओं पर विशेष ध्यान दें और नियमित टेस्ट लेकर उनकी प्रगति सुनिश्चित करें। विद्यालय प्रशासन को अध्ययन सामग्री, लाइब्रेरी उपयोग और अतिरिक्त कक्षाओं को और सुदृढ़ करने का सुझाव दिया गया। निरीक्षण के दौरान बीपीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जिले के सभी विद्यालय आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।

## कांग्रेसी नेता के निधन पर शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के कांग्रेसी नेता सह पूर्व मुखिया वीर केशरी उर्फ टुन्नू सिंह का निधन हो गया है। इस पर कांग्रेस नेताओं ने शोक प्रकट किया है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि वीर केशरी सिंह मिलनसार छवि के व्यक्ति थे। वे सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक सरोकार से जुड़े रहे। उनके निधन से जो क्षति हुई है। उसकी पूर्ति निकट भविष्य में संभव नहीं है। इस दुःख की घड़ी में कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ है। वहीं, शोक जताने वालों में जिलाध्यक्ष राजनील तिग्गा, दीपनारायण उरांव, रोहित उरांव, हेमावती लकड़ा आदि शामिल थे।

## इंश्योरेंस कंपनी ने किया बीमा राशि के 6.42 लाख रुपये का भुगतान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के आदेश पर गुमला जिला के शिकायतकर्ता जीतू साहू को विपक्षी टाटा एआईजीजे इंश्योरेंस की ओर से बीमा राशि का कुल 75 प्रतिशत (छह लाख 42 हजार 975 रुपए का) भुगतान किया गया। बताते चले कि जीतू साहू का ट्रक चार अक्टूबर 2023 को नेतरहाट घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसके बाद जीतू साहू द्वारा बीमित कंपनी में डैमेज भरपाई के लिए क्लेम किया गया। पर कंपनी की ओर से क्लेम को निरस्त किया गया। जिसके बाद जीतू ने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में आवेदन दिया। जिसके उपरांत आयोग के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय ने शिकायतकर्ता के पक्ष में सुनवाई कर बीमित राशि का 75 प्रतिशत राशि भुगतान का आदेश दिया। जिसके 45 दिन के अंदर गुरुवार को बीमा कंपनी की ओर से छह लाख 42 हजार 975 रुपए भुगतान किया गया।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का की मूर्ति को सुरक्षित तरीके से नहीं हटाना शहीद का अपमान : पुष्पा उरांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय समिति सदस्य सह महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का की मूर्ति को सुरक्षित तरीके से नहीं हटाना शहीद का अपमान है। इस हरकत के लिए दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यकारी विभाग और ठेकेदार द्वारा सामान्य काम की तरह ही शहीद का स्मारक तोड़ना सरासर गलत है। प्रशासन को संज्ञान में लेकर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

## सप्लाई पाइप कटने से पानी हो रहा था बर्बाद विधायक प्रतिनिधि के हस्तक्षेप से हुआ ठीक



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की सप्लाई लाइन बीएसएनएल कर्मियों द्वारा गड्ढा खोदने के दौरान कट जाने से गुरुवार की सुबह से ही पानी बर्बाद हो रहा था। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान को दी। सूचना मिलते ही वे विभाग के एसडीओ अरुण कुमार, जेई सहित टीम के साथ स्थल पर पहुंचे और पाइप क्षति की जांच की। अधिकारियों ने तुरंत सप्लाई बंद कर समस्या का समाधान किया। इस दौरान अन्य स्थानों पर भी पाइप लीक की शिकायतें मिलीं, जिनके सुधार के निर्देश दिए गए। बाद में मनीष हिंदुस्तान ने टांगराटोली में विद्युत विभाग के कार्यों की भी समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर विजयस ठाकुर, जेई बुधराम भगत, जेई अनूज मिश्रा और योगेश नायक आदि मौजूद रहे।

## गुमला चेंबर के नये अध्यक्ष का चुनाव 11 जनवरी को

### राजेश सिंह की अध्यक्षता वाले कार्यकाल में हुए हैं कई अच्छे कार्य : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 11 जनवरी 2026 को होगा। उक्त निर्णय चेंबर की अंतिम बैठक में ली गयी। यह आमसभा बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर के वर्तमान अध्यक्ष राजेश सिंह, जबकि संचालन सचिव बबलू वर्मा ने की। उन्होंने आम सभा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, कोषाध्यक्ष अमित गोलू ने सत्र 2025 के आय-व्यय का ब्योरा दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश सिंह ने अपने कार्यकाल के कार्यों पर चर्चा की। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा और पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने राजेश सिंह के कार्यों को एक सफल कार्यकाल बताया। इसके बाद आगामी चुनाव के बारे में चर्चा हुई और सर्व सम्मति से 11 जनवरी 2026 को होने वाले चेंबर का आम चुनाव बैलट वोटिंग से कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए अध्यक्ष राजेश सिंह की ओर से पूर्व अध्यक्ष अमित माहेश्वरी को चुनाव पदाधिकारी बनने की घोषणा की गई जिसे उपस्थित अमित कुमार माहेश्वरी ने स्वीकार किया और चुनाव पदाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इसके बाद वरीय उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने तत्कालीन कार्यकाल के बारे में कई बातें बतायी और पूरे कार्यकाल में चेंबर के लोग कैसे आपस में समन्वय से कार्य कर रहे थे उसके बारे में बताया, जिसकी वहां मौजूद सभी लोगों ने जमकर तारीफ की। अंत में उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल रॉकी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, वरीय उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिय, बंटी, पवन अग्रवाल, हिमांशु केसरी, अनमोल गुप्ता, दिनेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी के मुन्नीलाल साहू, राहुल केसरी, पंकज खण्डेलवाल, दिलीप गुप्ता, गुरमीत सिंह, नीरज गुप्ता, शंकर साहू, संजीव शर्मा, योगेश शर्मा, मुन्नी लाल साहू, रितेश गुप्ता, बृज फोगला, उपसमिति के शिवम जायसवाल, अजय कुमार धान, पंकज सोनी, रूपक कुमार, राजू श्रीवास्तव, मो शाहनवाज, राजकुमार गैस, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जैविक कृषि मेला का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवराजपुर गांव में स्वयंसेवी संस्था प्रदान की ओर से पंचायत स्तरीय जैविक कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष रूप से बागवानी किसानों और एफपीओ के शेयर धारकों के साथ संवाद स्थापित कर अधिक से अधिक किसानों को जैविक कृषि एवं इससे जुड़ी आजीविका गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मेले में एफपीओ द्वारा संचालित बाजार व्यवस्था की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया गया। बताया गया कि जैविक पद्धति से खेती कर किसान किस प्रकार बेहतर आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को मशरूम उत्पादन, हल्दी एवं ओल की खेती, सरसों उत्पादन एवं पशुपालन जैसी गतिविधियों से आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। अब तक चार गांव में इस प्रकार का मेले आयोजन हो चुका है।

## गैस रिसाव मामले पर डॉ नीलम ने केंद्र सरकार समेत बीसीसीएल को दी धरना की चेतावनी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केन्द्रीय सदस्य सह केन्द्रीय मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा, जिला अध्यक्ष लखी सोरेन एवं महानगर अध्यक्ष मंटु चौहान सहित तमाम जिला एवं महानगर समिति के पदाधिकारीगण के साथ केंदवाडीह पांच नंबर नया धौड राजपूत बस्ती में पहुंचे। जहां विगत दिनों जहरीली गैस रिसाव से हुए दो महिलाओं की मौत ओर सैकड़ों लोगों के बीमार होने से संबंधित मामले की बीसीसीएल के संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी ली एवं अधिकारियों से पूछा कि इतने सालों से बीसीसीएल कोयले का दोहन कर रही है फिर क्यों नहीं इस तरह के हादसे के रोकथाम के लिए पहले से ही पुख्ता व्यवस्था की गयी। क्यूं नहीं अब तक धनबाद से जब बीसीसीएल के माध्यम से केंद्र सरकार को अरबों रुपए मिल रहे हैं तो खनन स्थल ओर आसपास के लोगों की अच्छी सेहत स्वास्थ्य और रहना सहन की व्यवस्था के लिए उचित कदम क्यों नहीं उठाए गये। डॉ. नीलम मिश्रा ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि झामुमो इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए कोयला भवन सीएमडी कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। साथ ही सभी मिलकर पीड़ित परिवार से मिले और वहां के निवासियों को ये भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस विषय पर गंभीर है और राज्यस्तरीय हर सुविधा ओर राहत देने को तत्पर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह,अजय रवानी, राज आनंद, समीर रवानी, हरीश सिंह ,बंटी सिंह,राजू प्रमाणिक,मदन राम, नईम अंसारी, टिंकू सरकार, जितेंद्र पासवान, रीना पासवान, कुणाल कुमार, मंसूर अंसारी, महादेव हंसदा समेत आदि उपस्थित थे।

## पहला कदम स्कूल में सीआरइ कार्यक्रम संपन्न



धनबाद (आजाद सिपाही)। गुरूवार को पहला कदम स्कूल में आयोजित त्रिदिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के दूसरे दिन का प्रशिक्षण सत्र आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहला कदम स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि गंगोत्री कुजू (पूर्व विधायक, मांडू) एवं भोगन सोरेन (सचिव, एसकेएसएन ट्रस्ट) की गरिमामयी उपस्थिति रही। दिनभर चले प्रशिक्षण सत्रों का संचालन सीआरसी रांची से पधारे विशेषज्ञ मुकेश कुमार, सहायक प्रोफेसर (वाक एवं श्रवण) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में पहला कदम स्कूल की टीम सुधा पांडेय, मेघा गुप्ता, जय भारत कुमार और एमडी अनवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और पूरे सत्र में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्रतिभागियों ने दूसरे दिन श्रवण बाधित बच्चों की शीघ्र पहचान एवं प्रबंधन, प्रारंभिक हस्तक्षेप में फिजियोथेरेपी की भूमिका, प्रारंभिक हस्तक्षेप से स्कूल तैयारी तक संक्रमण, तथा सहायक उपकरणों एवं डिजिटल साधनों के उपयोग जैसे विषयों पर आधारित प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन सत्रों ने प्रशिक्षुओं को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के समर्थन हेतु आवश्यक सिद्धांत, व्यावहारिक ज्ञान और नवीन तकनीकों की बेहतर समझ प्रदान की।नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और पहला कदम स्कूल विशेष बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सेवाओं और समग्र विकास के अवसर सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। इसी उद्देश्य की दिशा में यह सीआरइ कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर रहा है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि का किया वितरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र सिमडेगा ने प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत नामांकित लाभार्थी सुभाषिनी कुल्लू को दो लाख रुपये की बीमा राशि सिमडेगा के उपायुक्त कंचन सिंह के हाथों प्रदान किया इस दरम्यान उपायुक्त महोदया ने कही की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का बहुत अच्छा योगदान है जो सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है। वही रांची अंचल प्रबंधक शिखा कुमारी चौधरी ने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। बैंक भविष्य में भी इसी तरह लाभकारी योजनाओं के माध्यम से जनता की सेवा हेतु प्रतिबद्ध है, मौके पर शाखा प्रबंधक रश्मि रंजन सहित बैंक कर्मचारी गन मौजूद थे।

## रात में तीन जगह चोरी की कोशिश, एक दुकान से नगद और कागजात की चोरी



**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** इन दिनों बाघमारा क्षेत्र में चोरों का आतंक सातवे आसमान पर है आये दिन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है और स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बन बैठी है ताजा मामला के अनुसार डुमरा मोड़ में चोरों ने एक ही रात में तीन दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने पान दुकानों और एक कपड़ा दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की, जिसमें एक दुकान से नकदी और कागजात चोरी हो गए, जबकि अन्य दो में वे असफल रहे। जानकारी के अनुसार, बब्लू की पान दुकान का गल्ला तोड़कर चोरों ने करीब 1200 रुपये नकद और कुछ जरूरी कागजात चुरा लिए। वहीं, राम प्रसाद की पान दुकान का ताला तोड़ दिया गया, लेकिन चोर कोई सामान नहीं चुरा पाये। उसी जगह अनमोल वस्त्रालय नामक कपड़ा दुकान के शटर को तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन यहां भी चोर नाकाम रहे। सूचना मिलते ही बाघमारा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और चोरों की तलाश में जुटी हुई है। इलाके में चोरी की इस घटना से दुकानदारों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### महुदा इंटर महाविद्यालय में कथित भ्रष्टाचार पर उबाल

# प्रशासन सक्रिय, 9 सूत्री मांगों पर मिला लिखित आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा इंटर महाविद्यालय में फैले कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और व्याख्याता सुरेश रजक, द्वारपाल गौतम महतो समेत अन्य कर्मचारियों की कथित रूप से गलत बर्खास्तगी के विरोध में क्षेत्र में बढ़ते जनाक्रोश ने प्रशासन को हरकत में ला दिया है। गुरुवार को एसडीओ के निर्देश पर बाघमारा सीओ प्रतिनिधि के तौर पर महाविद्यालय परिसर पहुंचे। स्थिति का जायजा लेने के लिए धनबाद जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, आजसू एवं भाजपा के स्थानीय नेता भी अनशन स्थल पर उपस्थित रहे। अनशनकारियों के साथ पारदर्शी बैठक के दौरान प्रशासन ने 9 सूत्री मांगों पर लिखित आश्वासन दिया, जिनमें–बर्खास्त कर्मियों की बहाली, वरीयता के आधार पर प्राचार्य चयन, भ्रष्टाचार में दोषियों पर कार्रवाई तथा प्रबंधन निकाय को भंग कर पुनर्गठन की अनुशंसा शामिल है। लिखित आश्वासन मिलने के बाद आमरण अनशन समाप्त कर दिया गया, हालांकि अनशनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक प्रशासनिक स्तर पर उनकी मांगों के अनुरूप संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि वादों को पूरा नहीं किया गया, तो आमरण अनशन दोबारा शुरू किया जायेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।



एसडीओ के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में बाघमारा सीओ मौके पर पहुंचे, जहां कई जनप्रतिनिधियों और पंचायत मुखियाओं की मौजूदगी में लिखित समझौता हुआ। निर्णय लिया गया कि पीड़ितों की 9 सूत्री मांगों पर 13 दिसंबर को पारदर्शी और खुले मंच पर, 13 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा होगी। 'शारदा सिंह जिप अध्यक्ष, धनबाद'

महुदा इंटर महाविद्यालय के दो कर्मियों—एक लेक्चरर और एक द्वारपाल—की कथित गलत बर्खास्तगी सहित अनियमितताओं की जांच और अंकेक्षण की मांग पर चल रहा आमरण अनशन वार्ता के बाद समाप्त हुआ। तय हुआ कि 13 दिसंबर को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और गवर्निंग बॉडी की उपस्थिति में बैठक कर सभी मुद्दों पर विचार कर समाधान के लिए सकारात्मक कार्रवाई की जायेगी। गिरजानंद किस्कू सीओ, बाघमारा'

## ट्रक और ट्रेलर के बीच टक्कर, एक गंभीर

**कतरास (आजाद सिपाही)।** गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे राजगंज थाना क्षेत्र स्थित कोलकाता-दिल्ली मुख्य मार्ग पर महेशपुर के नजदीक एक ट्रक और ट्रेलर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक विनोद कुमार ऊंज, निवासी भदोनी (उत्तर प्रदेश), गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक विनोद कुमार ने बताया कि वह धनबाद में ट्रक खाली कर यूपी की ओर लौट रहा था। महेशपुर में उसने अपना वाहन सड़क किनारे खड़ा करने का प्रयास किया, इसी दौरान दूसरी लेन से आ रही एक ट्रेलर जो गोविंदपुर से सामान लेकर भिवंडी, राजस्थान जा रही थी। ट्रेलर ने ट्रक के चालक वाली ओर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में विनोद के सिर और कंधे पर चोटें आयी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत राजगंज स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में बीआइटी सिंदरी की टीम 'रॉबस्ट सॉल्यूशंस' बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** रॉबस्ट सॉल्यूशंस ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआइएच) फाइनल्स 2025 में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। यह राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि टीम की रचनात्मकता, नवाचार क्षमता और निरंतर परिश्रम का स्पष्ट प्रमाण है, जिसे उन्होंने पूरे प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शित किया। टीम की यात्रा कॉलेज में हैकथॉन और कोडिंग क्लब द्वारा आयोजित इंटरनल एसआइएच राउंड से शुरू हुई। इसके बाद टीम ने 8 और 9 दिसंबर को जयपुर स्थित जोनल सेंटर में आयोजित 36 घंटे के हैकाथॉन में भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान टीम ने अपनी सर्वोत्तम रचनात्मकता, नवाचारी दृष्टिकोण और मेहनत का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की संरचना में तीन महत्वपूर्ण मेंटरिंग राउंड शामिल थे, जिसके बाद तीन कठोर मूल्यांकन राउंड हुए, जिनमें जजों ने समाधान की व्यवहारिकता और प्रस्तुति का गहन मूल्यांकन किया। हर राउंड में टीम रॉबस्ट सॉल्यूशंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा और राष्ट्रीय स्तर पर जीत दर्ज की, जिसके लिए टीम को 1,50,000 का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस उपलब्धि ने बीआइटी सिंदरी के लिए गर्व और सम्मान अर्जित किया। टीम का नेतृत्व आकाश वर्मा ने किया, जबकि टीम सदस्यों प्रवीण चौरसिया, नीरज प्रजापति, प्रिंस कुमार, दिव्या राज और रिमिशा कुमारी के महत्वपूर्ण योगदान ने मजबूत टीमवर्क का उदाहरण प्रस्तुत किया। टीम ने एक एआई आधारित ड्रॉपआउट प्रेडिक्शन और काउंसलिंग सिस्टम विकसित किया, जिसने राजस्थान सरकार द्वारा दिये गये समस्या विवरण आइडी एसआइएच 25102 को संबोधित किया। इस उपलब्धि पर प्रो डीके सिंह (कुलपति, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची), प्रो पंकज राय (निदेशक, बीआईटी सिंदरी), प्रो घनश्याम (अध्यक्ष, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ), प्रो प्रकाश कुमार तथा अन्य संकाय सदस्यों ने टीम को बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की।



## उपायुक्त ने फैक्ट्री निरीक्षक को नियमित रूप से कारखानों का निरीक्षण का दिया निर्देश



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने श्रम, कौशल एवं कारखाना निरीक्षक विभाग के विभागीय कार्यों की प्रगति का समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण दिशा - निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा, योजनाओं के लाभुकों को पारदर्शी लाभ और युवा वर्ग को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने बैठक में उपस्थित फैक्ट्री निरीक्षक को निर्देश दिया कि जिले के सभी कारखानों का नियमित एवं विस्तृत भौतिक निरीक्षण सुनिश्चित करें। औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों की समीक्षा, श्रमिकों के लिए अनिवार्य सुविधाओं की उपलब्धता, मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था आदि सभी बिंदुओं की सख्ती से जांच करते हुए नियमों के कड़ाई से अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि कोई भी फैक्ट्री सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है तो तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। वहां काम करने वाले श्रमिकों व आमजनों की सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने फैक्ट्री निरीक्षक को बालीडीह बियाडा क्षेत्र के सभी औद्योगिक इकाईयों का कैटेगरी वार सूची तैयार करने, काम करने वाले श्रमिकों की संख्या, उत्पादन-वार्षिक टर्न ओवर आदि की जानकारी अगली बैठक से पूर्व समर्पित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्सक पदाधिकारी रवि कुमार, फैकट्री निरीक्षक शिवा लागुरी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, कौशल समन्वयक आशीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय में नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को संकल्प एजुकेशन, विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय राजगंज मे जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वाधान नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें राजगंज क्षेत्र के 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मॉक टेस्ट में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो ने कहा कि परीक्षा कक्ष में एकाग्रता का होना सफलता का परिचायक होता है। जब कोई छात्र अपने मन पर नियंत्रण करके अपने आप को एकाग्र करते हुए प्रश्न पत्रों में लीन हो जाता है और उसके उत्तर ढूंढने का प्रयास करता है। तो वह अवस्था पूर्ण रूप से सफलता की ओर ले जाती है। हर विद्यार्थी को एकाग्र होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रैक्टिस मेक ए मैन परफेक्ट ₹अर्थात अभ्यास से कुशलता प्राप्त होती है, कुशलता योग्यता को जन्म देती है और योग्यता से सफलता प्राप्त होता है। 13 दिसंबर 2025 को होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 2026 की पूर्ण तैयारी हेतु छात्र-छात्राओं के बीच नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया है। नवोदय मॉक टेस्ट में श्वेता मुर्मू 76, आर्श सोरेन 71, भवानी कुमार महतो 69, पूर्णिमा कुमारी 69,साक्षी कुमारी 66, निधि कुमारी 64, आयुष कुमार रजक 62, प्राची कुमारी 61, प्रतिमा कुमारी 60, आकाश कुमार महतो 56 अंक लाकर प्रथम 10 स्थानो पर रहे। सभी सफल प्रतिभागियों को संकल्प एजुकेशन की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय के सचिव शंकर किशोर महतो, शिक्षक संतोष कुमार, जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद, सह संस्थापक रंजीत कुमार, जनजातीय कल्याण पदाधिकारी सुधीर हेंब्रम कार्यक्रम पदाधिकारी शमशेर अली आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## एमजीएम स्कूल में रैंप वॉक प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर चार एफ बोकारो के प्राइमरी विंग में, नीलगिरी हाउस की ओर से एक भव्य रैंप वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विविध गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें जीवन में सफलता की राह दिखाने का सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन की सराहना की और बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही, क्योंकि यह उनकी प्रतिभा को और अधिक निखारती है। उप प्राचार्य राखी बनर्जी और हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और छात्रों के आत्मविश्वास भरे प्रदर्शन की प्रशंसा की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पशु, फूल, फल, सब्जी, सुपर हीरो, बुक कैरेक्टर आदि पर आधारित आकर्षक वेशभूषा पहनकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी वेशभूषा और स्टेज पर उनकी प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडली में जोनाकी बिश्वास, रंजीता गिरि और रचना सिंह शामिल थीं, जिन्होंने छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। ग्रुप ए में, सृष्टि रानी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि मानवी श्रीवास्तव दूसरे स्थान पर रहीं। सान्वी चौधरी और आरव सूद्रानिया संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। ग्रुप बी में, साक्षी पूर्ति पहले स्थान पर, चैतन्य दर्शील दूसरे स्थान पर और शेख अलीजा तीसरे स्थान पर रहीं। ग्रुप सी में, शीतल सिंह ने पहला, सान्वी सिंह ने दूसरा और आयशा इरशाद ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाउस मिस्ट्रेस जूली बर्च, सुषमा कुजूर, कुमारी रूपम, रीना सिंह, जागृत सिंह, अपर्णा गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## बीएसएल के आरएमपी विभाग में लाइम क्रशर यूनिट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने रॉ मटेरियल प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरएमपी विभाग के लाइम डिस्चार्ज परिसर में 100 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता वाली लाइम क्रशर यूनिट की स्थापना की है। इस मशीन का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नागराजन श्रीकांत, मुकेश कुमार, अनुराग डे, समीर महापात्रा सहित आरएमपी विभाग एवं एफएसएनएल के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्री रंजन ने कहा कि नई लाइम क्रशर यूनिट इस्पात उत्पादन प्रक्रिया को और अधिक गतिशील एवं दक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने इस कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एफएसएनएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए इसे बीएसएल की उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उल्लेखनीय है कि प्रिय रंजन एवं अनूप कुमार दत्त के मार्गदर्शन में स्थापित यह नई लाइम क्रशर यूनिट सिंटर प्लांट के लिए फ्लक्स उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देगी। कैल्शियम-समृद्ध लाइम के उपयोग से सिंटर की बाइंडिंग स्ट्रेंथ में वृद्धि होगी तथा रिटर्न सिंटर की मात्रा में कमी आयेगी। इससे न केवल सिंटर प्लांट की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि ब्लास्ट फर्नेस को उच्च गुणवत्ता वाला सिंटर उपलब्ध होगा, जिसका सीधा सकारात्मक प्रभाव ब्लास्ट फर्नेस के उत्पादन पर पड़ेगा।



## पूर्णकालिक अधिकरण नहीं बनने से विस्थापितों के साथ नहीं हो रहा न्याय : चंद्र प्रकाश चौधरी

**गिरिडीह सांसद ने केंद्रीय कोयला मंत्री से मिलकर पूर्णकालिक अधिकरण के गठन का किया अनुरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से मिलकर झारखंड में पूर्णकालिक अधिकरण के गठन की वकालत की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का केंदुआडीह और आसपास क्षेत्रों में हो रहे जहरीले गैस रिसाव, विस्थापन व पुनर्वास को लेकर भी ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि पूर्णकालिक अधिकरण के गठन नहीं होने से कोयला क्षेत्र की समस्याएं बनी हुई है। विस्थापितों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से पूर्णकालिक अधिकरण की मांग की जा रही है। देश के कई राज्यों में पूर्णकालिक अधिकरण का गठन हो चुका है, मगर झारखंड में ऐसा नहीं नहीं हो सका है। पूर्णकालिक अधिकरण नहीं होने की वजह से विस्थापित दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि इस मांग की पूर्ति की जानी आवश्यक है। उन्होंने केंदुआडीह आसपास के क्षेत्रों में हो रही जहरीली गैस रिसाव की चर्चा करते हुए कहा की दुर्घटनाएं भी हो रही है। प्रभावित क्षेत्र के लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं है। खनन गतिविधि पारदर्शी नहीं है। इसके कारण कई समस्याएं व परेशानियां उत्पन्न हो रही है। इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विस्थापितों के साथ अन्याय हो रहा है विस्थापितों का पुनर्वास अति आवश्यक है। हमारी हमारी यह मांग है कि स्थानीय स्तर पर जान, जीविका, स्वास्थ्य, सुरक्षा पर ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा झारखंड में कोयला उत्पादन काफी हो रहा है। बीसीसीएल में उत्पादन हो रहा है, हालांकि डिमांड में 20 प्रतिशत कमी आई है। डिमांड और सप्लाई पर ध्यान देने की जरूरत है। उत्पादन व्यर्थ नहीं जाए, इसका भी ध्यान रखने की जरूरत है। रखरखाव को भी दुरुस्त किया जाना आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि कोयला चोरी पर रोक लगे, यह भी जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार गंभीर है। सरकार कोयला क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर वचनबद्ध व कटिबद्ध हैं।




**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला– लातेहार**

**अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 29/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी क्षेत्र लातेहार अंतर्गत स्वच्छ भारत मीशन के तहत IEC मद से दिवाल लेखन एवं दिवाल पेन्टींग एवं अन्य कार्य कराया जाना है। इच्छुक कोटेशदाता/फर्म से **दिनांक 22.12.2025 के 2.00 बजे अपराहन् तक** मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। साथ ही उक्त कोटेशन **दिनांक 22.12.2025 को अपराहन् 3.30** बजे कोटेशनदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति (Procurement Committee) के द्वारा खोला जायेगा। निविदा हेतु निर्धारित नियम एवं शर्त्त कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर देखा जा सकता है, या लातेहार जिला के वेवसाईड **www.latehar.nic.in** पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही इस संबंध में विशेश जानकारी श्रीमति जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है:–

| S.N. | DESCRIPTION | Rate with all Taxes | Tender Fees |
|---|---|---|---|
| 01 | Best Quality Wall Painting with One Year Guarantee | | 5000.00 |
| 02 | Best Quality Wall Writing with One Year Guarantee | | |
| 03 | Best Quality Flex Printing Work | | |
| 04 | Best Quality Iron Board Size 2' X 1'.6" with Instalation | | |
| 05 | Waste to Wonder Sculpture Size 10' X 10' | | |

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 368264 (Urban Development)25-26*D

## बांग्लादेश में तख्तापलट के डेढ़ साल बाद चुनाव, 12 फरवरी को होगी वोटिंग

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका ऐलान किया। यह चुनाव पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के डेढ़ साल बाद हो रहा है। 5 अगस्त 2024 को हुए तख्तापलट के बाद हसीना देश छोड़कर भारत आ गयी थीं। इसके बाद से वहां पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है। अगले साल होने वाले चुनाव में हसीना की पार्टी हिस्सा नहीं ले पायेगी। बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी अवामी लीग का पंजीकरण चुनाव आयोग ने मई 2025 में निलंबित कर दिया था।








## इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसंबर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 रुपये का ट्रैवल वाउचर मिलेगा। हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपये के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है। इधर इंडिगो के सीइओ पीटर एल्बर्स गुरुवार को डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) के सामने पेश हुए। करीब 2 घंटे की पूछताछ में सीइओ से ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल किये गये। इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशंस में आयी दिक्कतों के बाद तकनीकी खामियों की निगरानी का पूरा ढांचा तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** **:** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**